



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
MPHIN/2021/83938
नई सोच नई पहल






ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः183 | ग्वालियर 13, मार्च बुधवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


### विकसित भारत की कल्पना

## आत्मनिर्भर भारत के बिना संभव नहीं: पीएम मोदी

**दिल्ली।** आज हमने ये जो दृश्य देखा, अपनी तीनों सेनाओं के जो पराक्रम देखा, वो अद्भुत है. आसमान में ये गर्जना, जमीन पर ये जांबाजी, चारो दिशाओं में गूंजता ये विजय घोष, ये नए भारत का आह्वान है. आज हमारा पोखरण एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता, भारत के आत्मविश्वास और भारत के आत्मगौरव की त्रिवेणी का साक्षी बना है. यही पोखरण है, जो भारत की परमाणु शक्ति का साक्षी रहा है और यहीं पर हम आज स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण का दम भी देख रहे हैं. भारत शक्ति का ये उत्सव शौर्य की भूमि राजस्थान में हो रहा है. लेकिन इसकी गूंज सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है. विकसित भारत की कल्पना, आत्मनिर्भर भारत के बिना संभव नहीं है. भारत को विकसित होना है, तो हमें दूसरों पर अपनी निर्भरता को कम करना ही होगा. इसलिए आज भारत, खाने के तेल से लेकर आधुनिक विमान तक, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दे रहा है. हमारी तोपों, टैंकों, लड़ाकू जहाजों, हेलीकॉप्टर,



मिसाइल सिस्टम की जो गर्जना आप देख रहे हैं, यही तो भारत शक्ति है. हथियार और गोला-बारूद, संचार उपकरण, साइबर और स्पेस तक हम की उड़ान अनुभव कर रहे हैं. यही तो भारत शक्ति है. बाते 10 वर्षों में हमने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक के बाद एक बड़े कदम उठाए हैं. हमने नीति-विषयक सुधार किए, रिफॉर्म्स किए, हमने प्राइवेट सेक्टर को इससे जोड़ा, हमने स्वस्थ्य स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित किया. आज देश में उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस कॉरीडोर बन रहे हैं. इनमें अब तक 7 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हुआ है. आज हेलीकॉप्टर बनाने वाली एशिया की सबसे बड़ी फैक्टरी भारत में काम करना शुरू कर चुकी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में जब हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेंगे, तो भारत का सैन्य सामर्थ्य भी नई बुलंदी पर होगा और भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है. विकसित राजस्थान, विकसित सेना को भी उतनी ही ताकत देगा.

## सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश हादसे में पायलट सुरक्षित

**नई दिल्ली।** भारत शक्ति युद्धाभ्यास के बीच जैसलमेर में फाइटर जेट क्रैश हो गया. आज दोपहर करीब 2 बजे शहर से 2 किमी दूर एक छात्रावास में विमान जा घुसा. शहर के लक्ष्मीचंद सांवल कॉलोनी के पास हुआ ल?ाकू विमान क्रैश हो गया. घटना के समय उस कमरे में कोई नहीं था. प्रत्यक्षदर्शियों ने



बताया कि इसमें इसमें दो पायलट थे. क्रैश होने से पहले दोनों ही बाहर आ गए थे. क्रैश के बाद विमान का मलबा घर की दीवार से टकराया. दीवार से टकराने के बाद आग लग गई, अचानक हुए धमाके के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई. आग लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. वहीं, घटनास्थल पर मची अफरातफरी के बीच कुछ लोग जान बचाकर भाग गए. राहत की बात रही है कि सेना के हेलिकॉप्टर का पायलट सुरक्षित है. पायलट को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी के चलते ये हादसा हुआ है. फिलहाल मामले की जांच के लिए उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं.

## सुधार से पहले धारावी का डिजिटल सर्वेक्षण 18 मार्च से शुरू होगा

मुंबई। धारावी रिडिवलेपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड (डीआरपीपीएल) यहां के धारावी इलाके में रहने वाले लाखों झुग्गी निवासियों का डिजिटल सर्वेक्षण 18 मार्च को शुरू करेगा। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। डीपीपीएल - अदाणी समूह और महाराष्ट्र सरकार का संयुक्त उद्यम - डिजिटल धारावी या दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक की उन्नत लाइब्रेरी बनाएगा। प्रस्तावित पुनर्विकास परियोजना में धारावी निवासियों के इस हिस्से के पुनर्वास पात्रता मानदंड निर्धारित करने के लिए राज्य सरकार इसका उपयोग करेगी। संयुक्त उद्यम के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, डीआरपीपीएल और राज्य सरकार का सर्वेक्षण दुनिया की सबसे बड़ी शहरी कायाकल्प परियोजनाओं में से एक होगा और मुंबई को स्लम-मुक्त बनाने की दिशा में पहला कदम होगा। डीआरपीपीएल प्रवक्ता ने कहा, यह धारावी को एक विश्वस्तरीय टाउनशिप, मुंबई के भीतर एक अत्याधुनिक शहर में बदलने की शुरुआत है। हम सभी धारावीकरों से इस अभ्यास का समर्थन करने का आग्रह करते हैं, जो हमें पुनर्वास प्रक्रिया पूरी करने और उनके सपनों का घर उन्हें प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। डिजिटल सर्वेक्षण कमला रमन नगर से शुरू होगा और प्रत्येक अनौपचारिक टेनमेंट को एक अद्वितीय नंबर दिया जाएगा। इसके बाद संबंधित लेन की लेजर मैपिंग की जाएगी, जिसे लिडार सर्वेक्षण के रूप में जाना जाता है। एक प्रशिक्षित टीम प्रत्येक टेनमेंट का दौरा करेगी। प्रवक्ता ने कहा कि डीआरपीपीएल ने धारावीकरों के सवालों और चिंताओं का जवाब देने के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर (1800-268-8888) भी चालू किया है। धारावीकर दशकों से अपने सपनों के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाने के लिए पुनर्विकास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। डिजिटल सर्वेक्षण धारावी को विश?वस्तरीय टाउनशिप में बदलने की प्रक्रिया को चिह्नित करता है। यह लाखों निवासियों की नियति को नया आकार देगा। प्रत्येक अनौपचारिक किरायेदारी धारक को एक घर दिया जाएगा और इस तरह की परियोजना में पहली बार योग्य अपात्र किरायेदारी धारकों को भी घर प्रदान किए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट 18 को करेगा हिमाचल के 6 अयोग्य विधायकों की याचिका पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले छह विधायकों को अयोग्य करार देने का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है. मंगलवार को इस मामले में शीर्ष कोर्ट ने सुनवाई की. इसके बाद एससी ने मामले की सुनवाई की लिए 18 मार्च की तारीख तय की है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने मामले को 18 मार्च के लिए स्थगित कर दिया. जब याचिकाकर्ताओं के वकील ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि उनका नेतृत्व वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे कर रहे हैं. जो आज सुनवाई में शामिल नहीं हो सकते. इस बीच, शीर्ष कोर्ट ने बागी विधायकों से ये भी जानना चाहा कि वे अपनी शिकायतें लेकर संबंधित उच्च न्यायालय में क्यों नहीं गए



और किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है. याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने जवाब दिया कि वे निर्वाचित हो चुके हैं. हालांकि, अदालत उनकी दलील से संतुष्ट नहीं हुई और कहा कि वह इस मामले पर अगले सोमवार को सुनवाई करेगी.

**क्रॉस वोटिंग के चलते जीती बीजेपी**-विधायकों के क्रॉस वोटिंग के चलते राज्यसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार को जीत हासिल हुई. जबकि कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव हार गए. इसके बाद विधानसभा स्पीकर ने दलबदल कानून के तहत इन छह विधायकों को अयोग्य ठहराया. इसके बाद ये विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए.

### राज्यसभा चुनाव में की थी क्रॉस वोटिंग

बता दें कि 29 फरवरी को स्पीकर ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था. जिन छह विधायकों को दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित किया गया था उनमें सुधीर शर्मा, राजिंदर राणा, दविंदर के भुट्टो, रवि ठाकुर, चैतन्य शर्मा और इंदर दत्त लखनपाल शामिल हैं. बता दें कि 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में 68 सदस्यीय राज्य विधानसभा में कांग्रेस के पास 40 विधायक थे, जबकि भाजपा के पास 25 विधायक थे. बाकी तीन सीटों पर निर्दलीयों का कब्जा है.




# दतिया कलेक्टर संदीप मानिक ने जनसुनवाई में पहुंचे लोगों की सुनी समस्याएं



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

आज 5 मार्च 2024/राज्य शासन के निर्देशानुसार जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम आज कलेक्टर श्री संदीप मकिन की उपस्थिति में न्यू कलेक्ट्रेट दतिया के सभा कक्ष में शुरू हुईकलेक्टर श्री संदीप माकिन ने जिले के विभिन्न अंचलों से आये लोगों की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुएअधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

# कमिश्नरेट की जमुड़िया थाने की नेक पहल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

आसनसोल। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस विभिन्न समय पर कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम किया जाता रहा है इसके अलावा पुलिस का भी प्रयास रहता है कि लोग साइबर फ्रॉड,बाल विवाह,सड़क सुरक्षा आदि विषय पर जागरूक हो साथ ही युवाओं में खेल के प्रति उत्साह के लिए पुलिस समय-समय पर फुटबॉल,जर्सी आदि खेल सामग्री का वितरण करती है इसी क्रम में जमुड़िया थाना पुलिस की ओर से थाना परिसर में एक



कार्यक्रम के तहत स्थानीय सैकड़ो क्लब को फुटबॉल बाटा गया इसके अलावा भी फिरे पावा कार्यक्रम के





तहत क्षेत्र से चोरी हुए सैकड़ो मोबाइल फोन को



पुलिस बरामद कर उनकी असली मलिको कागजात देखने के उपरांत सौपा गया इस मौके पर डीसीपी सेंट्रल ध्रुवो दास,एसीपी विमान कुमार मृदा सीआई सुशांत चटर्जी,थाना प्रभारी राजशेखर मुखर्जी, मिहिर दे,जमु?िया के विधायक हरेराम सिंह,ब्लॉक प्रेसिडेंट सुब्रतो अधिकारी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे इस मौके पर डीसीपी सेंट्रल ने उपस्थित लोगों को मोबाइल के उपयोग के प्रति जागरूक किए वही चोरी हुए मोबाइल फोन वापस पाकर लोगों में खुशी झलक रही थी एवं उन्होंने पुलिस का धन्यवाद किया

# आईटीआई कॉलेज उचेहरा में बेटी की पेटी का शुभारंभ



पुस्पांजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना



सतना । पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के निर्देशन पर एवम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आईपीएस विदिता डागर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी उचेहरा निरीक्षक सतीश मिश्रा के द्वारा आईटीआई कॉलेज उचेहरा में बेटी की पेटी का शुभारंभ किया गया जिसमे कॉलेज के क्षात्राओं एवम क्षात्रो को एसडीओपी द्वारा आवश्यक समझाइश दी जिसमे उनके ऊपर होने वाले किसी भी तरह के अपराध या किसी भी तरह की गोपनीय सूचना व जानकारी को बेटी की पेटी के माध्यम से थाने को अवगत करा आवश्यक कार्यवाही की जा सके इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य राकेश मिश्रा व कॉलेज के स्टाफ तथा थाना उचेहरा का स्टाफ मौजूद रहा ।

# उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विकास खंड के नवसाक्षरों को साक्षर करने हेतु लक्ष्य प्राप्ति के लिए खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भितरवार।संचालक राज्य शिक्षा केन्द भोपाल एवं कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक के आदेशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा का आयोजन विकास खंड में 17 मार्च 2024 रविवार को किया जावेगा। बीआरसी कार्यालय में बीआरसीसी नरहरि मिश्रा, भारत भूषण जोशी,नरेंद्र भार्गव की उपस्थिति में समस्त विकासखंड के संकुल सह समन्वयकों (साक्षरता) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया बैठक में बताया कि मूल्यांकन साक्षरता परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगी, जिसमें नवसाक्षर के द्वारा परीक्षा केन्द्र पर कभी भी अपने समय के अनुसार तीन घंटे के लिए संबधित नवसाक्षर केन्द्र पर जाकर परीक्षा दे सकते है। बीआरसीसी नरहरि मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार कर, डोंडी पिटवाकर, पेम्पलेट प्रिंट करवाकर एवं महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाडी





कार्यकताओ/सहायिका/आशा कार्यकर्ता एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत पंचायत सचिव, सहायक रोजगार सचिव का पूर्ण सहयोग लेकर शत प्रतिशत लक्ष्य अनुरूप कार्य करें उन्होंने कहा कि मूल्यांकन साक्षरता परीक्षा हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य को पूर्ण करें एवं सभी शालाओं में संचालित सामाजिक चेतना केन्द्रों की सुचारू रूप से मॉनिटरिंग कार्य करें एवं सभी संकुल सह समन्वयकों (साक्षरता) को परीक्षा आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। मूल्यांकन परीक्षा की पूर्णत गोपनीयता रखकर लक्ष्य अनुसार कार्य करने हेतु कहा गया। 15 वर्ष की आयु के ऊपर सभी महिला/पुरूष नवसाक्षरों के द्वारा राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा द्वारा दिए निर्देश अनुसार नवसाक्षरों के द्वारा 17 मार्च 2024 रविवार को प्रातः 10:00 बजे से लेकर सायं 5:00 बजे तक विकासखंड द्वारा बनाये गये निर्धारित कुल परीक्षा केन्द्रो पर जाकर परीक्षा देगें । इस परीक्षा में सभी असाक्षर शामिल हो सकते है जिनके पास किसी भी तरह की परीक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची नही हो इसके अलावा पूर्व के नवसाक्षर जिन्होनें साक्षरता अभियान के तहत प्रवेशिका तो पूर्ण कर ली हो लेकिन प्रमाणीकरण नही किया जा सका हो । वही नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वे में उन्हें चिन्हित किया गया

# शिक्षा को बढ़ावा देने कोठी मे उतथान सेवा फाउंडेशन ने खोली सर्व सुविधा युक्त विशाल लाइब्रेरी



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

जिले के कोठी कस्बे मे क्षेत्र मे शिक्षां को बढ़ावा देने के उद्धेश् को लेकर उतथान सेवा फाउंडेशन के तत्प्रावधान चल कोठी मे



कम्प्यूटर वाई फाई सुविधा युक्त व किताब ,अखबार के साथ विशाल लाइब्रेरी का आज सांसद सतना गणेश सिंह जी ने मा सरस्वती कि पूजा क फीता काटकर किया शुभारम्भ इस कार्यक्रम में तहसीलदार कोठी कमलेश सिंह भदौरिया,प्राचार्य यू के द्विवेदी,सीएमओ पूजा द्विवेदी मंडल अध्यक्ष यशवंत पांडेय ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिनव् गौतम् सहित कोठी क्षेत्रवासी समाजसेवी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धूम-धाम से निकाला वरघोड़ा,जयकारों से धर्ममयी हुई मयलचन्द्रा

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू. कुमावत समाज ट्रस्ट मयलसन्द्रा धाम बेंगलूरू दक्षिण की ओर से राधाकृष्णा



एवं श्री आशापुरा माताजी के शिखरबद्ध मंदिर की प्रथम वर्षगांठ दो दिवसीय महोत्सव के तहत निमाज के संत सोहनराम, संत गौभक्त पुखराज महाराज के सानिध्य में कई कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुए। सोमवार को प्रात- शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चारों के बिच स्थापित देवी देवताओं का पूजन किया गया। हवन कुण्ड में लाभार्थियों ने आहुति दी। हवन की महक से पूरा मंदिर परिसर महक उठा। राधाकृष्णा एवं श्री आशापुरा माताजी का भव्य वरघोड़ा निकाला गया। वरघोड़े में सवार संत सोहनराम महाराज सभी का अभिवादन कर रहे थे। वरघोड़े में अनेक गैर मंडलों ने भाग लिया। रंग बिरंगी छतरियां एवं कलर पेपर से सुसज्जित डांडियों के साथ गैर नृत्य कर रहे थे। चंग की थाप पर फाल्गुन गाते गैर मंडल के घेरे में चल रहे सदस्यों ने माता के गुणों का बखान किया। वर घोड़े में राधाकृष्णा एवं श्री आशापुरा माताजी के जयकारे लगाते हुए समाज के पुरूष व महिला वर्ग पारंपरिक वेशभूषा में चल रहे थे। वरघोड़ा विभिन्न मार्गो से होते हुए मुख्य पंडाल में पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ। जहां अनेक वक्ताओं ने समाज में शिक्षा एवं समाज की कुरितियों को मिटाने का आह्वान किया। संत सोहनराम महाराज ने मंदिर की प्रथम वर्षगांठ की सहारना करते हुए कहा कि धर्म के कार्यो में अपने बच्चों को भी जोडना चाहिए जिनसे उनमें धर्म के संस्कार पनपे क्योंकि आने वाली पीढ़ी ही समाज की कर्णधार है। स्वामी पुखराज महाराज ने शहर की सभी कुमावत समाज के संस्थाओं में बाल संस्कार शिविर आयोजन करने का आहान किया। इससे पूर्व ध्वजा के लाभार्थी संस्था के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धनलाल दुबलदिया परिवार ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के दौरान पुष्पवर्षा कर उपस्थित समाज के लोगों ने खुशियां प्रकृट की। सचिव नारायणलाल गुगवान ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इससे पूर्व रविवार को पंडाल में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ गणपति वंदना से हुआ। राजस्थान से आए भजन गायक महेंद्र बोयल एवं कालुभाई कुमावत, कैलाश पंवार, ओमप्रकाश कुमावत हैदराबाद एण्ड पार्टी की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते रहे। इस कार्यक्रम में पधारे क्षेत्रीय कुमावत समाज के अतिथियों का ट्रस्ट की ओर से माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। वरघोड़े के लाभार्थी संस्था के सचिव नारायणलाल गुगवान रहे। महाप्रसादी के लाभार्थी कन्हैयालाल, मंगाराम अडाणीया रहे। संस्था के पूर्व सचिव कानाराम दुबलदिया ने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर उपाध्यक्ष भंवरलाल भदाणिया, गोतम चन्द नोदिवाल , गेवरचन्द चांदोरा, सह-सचिव माणकचन्द बाकरेचा, कोषाध्यक्ष चुतराराम इटाड़ा, सह-कोषाध्यक्ष मोतीलाल गुड़िया, सलाहकार हस्तीमल गोडावड़, प्रचार मंत्री ओमप्रकाश दुबलदिया, सुखलाल गुगवान, नारायणलाल भदाणिया, मनोहर लाल नादिवाल एवं समस्त कार्यकारिणी, ट्रस्टीगण एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को ध्यान में रखकर किया शुभारंभ





**पहलवान सिंह संवाददाता**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मालनपुर।आदर्श गाँव सिंघवारी में सूर्या सिलाई कौशल केंद्र महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को ध्यान में रखकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय वेद जी वेद वाईस चेयरमैन सूर्या फाउंडेशन, श्री मुकुल चतुर्वेदी जी महा प्रबंधक सूर्या रोशनी मालनपुर, श्री हनुमान जी महाराज, श्री प्रमोद आसरे जी आदर्श गाँव योजना प्रमुख सूर्या फाउंडेशन, श्री शत्रुहन लाल कश्यप ज़ोन प्रमुख, श्रीमति कुसुमा जी आंगन बाड़ी कार्यकर्ता के करकमलो द्वारा भारत माता की तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर किया गया। मुख्य अतिथि वेद जी ने कहा कि यह सिलाई केंद्र महिलाओ के लिए स्वरोजगार का एक अच्छा अवसर है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के लोकल फार वोकल को बल मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री रवि तिवारी, स्वरोजगार प्रमुख सूर्या फाउंडेशन मध्यप्रदेश, नरसिंह तोमर जूनियर फिल्ड केडर, आकाश, ब्रजलाल, हेमगिरी, अनिल, महेश, धर्मेंद्र, सोनू , कपिल कविता जी, रोशनी आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार रजवाड़े जी ष्ट्स्क्र प्रमुख सूर्या फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार शत्रुहन लाल कश्यप ने किया।

## विश्व कल्याण के लिए एक पैर से सतयुग जैसे कठोर तपस्या कर रहे हैं नागा बाबा

जनपद कौशांबी में एक नागा बाबा जिनका नाम अरहरिया नंद जी महाराज नागा बाबा गुजरात से चलकर प्रयागराज की पावन धरती पर विराजमान होकर एक महीने पहले कौशांबी की पावन धरती सिराथू तहसील क्षेत्र के मोहब्बतपुर पैंसा थाना क्षेत्र के जवई पडरी गांव में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में विश्व कल्याण के लिए ,धर्म का ध्वजा फहराने के लिए, अधर्म का विनाश करने के लिए और गौ हत्या बंद होने के लिए शिवरात्रि महापर्व के दिन से 12 वर्ष के लिए एक पैर से सतयुग जैसे तपस्या कर रहे हैं वही देखने पर पता चला कि महाराज जी महाशिवरात्रि के पर्व के दिन से मौन धारण किए हुए हैं कुछ भी करने के लिए होता है तो इशारों के द्वारा अथवा लिखकर लोगों को बताते हैं और जहां पर एक पैर से खड़े हैं वहीं पर एक स्टूल रखे हुए हैं जब एक पैर दर्द करने लगता है तो दूसरा उस स्टूल पर रख लेते हैं और एक पैर से पुनः खड़े हो जाते हैं सोने के लिए डोरी डाले हुए हैं और इस पर बैठकर सो जाते हैं और बगल में ही धूनी रमाए हुए हैं और यह धूनी भी तब तक जलती रहेगी जब तक महाराज जी का 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं हो जाता इस युग में देखने के लिए बड़ा ही अचंभव लग रहा है की 12 वर्ष महाराज जी का कैसे पूरा हो पाएगा हालांकि महाशिवरात्रि पर्व 8 मार्च 2024 से महाराज जी रातों दिन एक पैर से खड़े होकर तपस्या कर रहे हैं खाने-पीने में महाराज जी फलाहार का प्रयोग करते हैं ग्रामीणों ने बताया कि महाराज जी दिन में एक दो बार चाय पीते हैं उनके लिए बनाकर हम ग्रामवासी देते हैं उनके सेवा में तत्पर अग्रसर रहते हैं और देखने पर भी पता चला कि महाराज जी के सेवा के लिए लगभग पचासों लोग इकट्ठा रहते हैं जैसे ही महाराज जी का इशारा होता ह

## दिल्ली महापंचायत में भाग लेने ग्वालियर से जाएंगे सैकड़ों की संख्या में जाएंगे किसान

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर-देश भर के 550 किसान संगठनों के संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया है इस महापंचायत में भाग लेने के लिए ग्वालियर से भी बड़ी संख्या में किसान दिल्ली कुच करेंगे । प्रेस को जारी विज्ञप्ति में मध्य प्रदेश किसान सभा के जिला अध्यक्ष तलविंदर सिंह एवं महासचिव जितेंद्र आर्य ने प्रेस को बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार लागू की जा रही मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा लगातार संघर्ष कर रहा है, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करना, स्वामीनाथन आयोग के सिफारिश को लागू करना, बिजली कानून 2022 वापस करने के अलावा भूमि अधिग्रहण और आवारा पशुओं की प्रमुख समस्या देश के अंदर बनी हुई है। सरकार किसानों के हित में कार्य करने की बजाय किसानों की जमीनों को कॉर्पोरेट के हाथों बेचना चाहती है और इसी नियत से सरकार मजदूर किसान विरोधी नीतियां लगातार लागू कर रही है इसके विरोध में 14 मार्च को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चा की 14 मार्च को एक विशाल रैली आयोजित की जा रही है जिसे मजदूर किसान महापंचायत का नाम दिया गया है। इस महापंचायत में भाग लेने के लिए ग्वालियर से भी सैकड़ो की संख्या में किसान दिल्ली कुच करेंगे। किसान नेताओं ने सभी किसानों से 13 मार्च को शाम से दिल्ली की ओर जाने वाली रेलगाड़ी में बैठकर दिल्ली चलने का आह्वान किया है।

### बंधनकारी धारा को बंद करने के लिये

# पेंशनर्स संघ ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी कर पेंशनर्स संघ ने मुख्यमंत्री के नाम शिवपुरी कलेक्टर ज्ञापन देते हुये बताया कि जब म.प्र. से छत्तीसगढ़ राज्य का अलग गठन हुआ था उस समय पेंशनर्स के लिए बंधनकारी धारा म.प्र. छत्तीसगढ पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) लागू की गई थी। इस बंधनकारी धारा के कारण जब भी म.प्र. के पेंशनर्स को केन्द्र के बराबर मंहगाई राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति लेना पड़ती है और छत्तीसगढ़ सरकार को म.प्र. सरकार की सहमति की आवश्यकता होती है। इस कारण पेंशनर्स को समय पर महंगाई राहत नहीं मिल पाती है और एक-एक साल बाद महंगाई राहत के आदेश होते हैं, जिससे पेंशनर्स को लाखों रूपयों का नुकसान उठाना पडता है। पूर्व सरकारों से भी कई बार पेंशनर्स संगठनों द्वारा धरना आंदोलन ज्ञापन आदि इस संबंध में दी जा चुके है। परंतु कोई निराकरण नहीं हो पाया है। अब जब म.प्र. व छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें है दोनों माननीय मुख्यमंत्री महोदय आपसी समनवय से




उपरोक्त बंधनकारी धारा को समाप्त करने के लिए अपनी अपनी विधानसभाओं में **प्रस्ताव पारित करके केन्द्र सरकार को भेजकर उपरोक्त धारा को समाप्त करें**-ताकि दोनो राज्यों के पेशनर्स को इस ज्वलंत समस्या से निजात मिलसके और बुजुर्ग पेंशनर्स को समय पर कर्मचारियों के साथ मंहगाई राहत प्राप्त हो सके। केन्द्र सरकार ने विगत कई माह पहले 4 प्रतिशत मंहगाई राहत पेंशनर्स की बढाई थी, म.प्र. पेशनर्स के द्वारा कई ज्ञापन, आंदोलन करने के बाद भी म.प्र. सरकार के द्वारा 4 प्रतिशत मंहगाई राहत अभी तक नही दी गई। अब केन्द्र सरकार के द्वारा पुनः 4 प्रतिशत मंहगाई राहत और बढ़ा दी गई है इस प्रकार से म.प्र. के पेशनर्स को 8 प्रतिशत मंहगाई राहत प्रदान की जाना है। म.प्र. के समस्त पेंशनर्स की पुरजोर मांग है सरकार की लोक सभा चुनाव की आचार संहिता लगने के पूर्व केन्द्र के बराबर 50 प्रतिशत मंहगाई राहत प्रदान करे म.प्र. के पेंशनर्स को केन्द्र के बराबर 8 प्रतिशत महंगाई राहत तत्काल स्वीकृत करे और साथ ही म.प्र. के पेंशनर्स को आयुष्मान कार्ड योजना में लाया जाये।नही तो पेंशनर्स संघ मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ सहित देश के समस्त राज्यो मैं आंदोलन करेगा।

# सिविल सर्जन को जान से मारने की धमकी को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने दिया पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष नरहरी प्रसाद यादव द्वारा बताया गया की सोमवार को हुए सिविल सर्जन बी एल यादव और डॉक्टर सुनील तोमर के बीच हुए विवाद को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने शिवपुरी पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए बताया की डॉक्टर द्वारा सिविल सर्जन को अपने केबिन में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है जिस पर समस्त यादव समाज आक्रोशित है और यह एक वरिष्ठ अधिकारी सिविल सर्जन के साथ की गई अभद्रता समाज के लिए शर्मनाक है यह सिर्फ सिविल सर्जन बीएल यादव जो की एक ईमानदार एवं स्वच्छ छवि के व्यक्ति हैं उनको बदनाम करने की कोशिश की जा रही है जिस पर आज पुलिस अधीक्षक से मिलकर जल्द से जल्द सुनील तोमर पर एफ आई आर करने की मांग की गई है

आपको बता दे कि सिविल सर्जन और




डॉक्टर के बीच सालों से एनआरसी में पदस्थ महिला कर्मचारी बसंती बाथम कागजों में काम कर रही थी। उसके स्थान पर उसका पति विनोद बाथम रात के समय नौकरी कर रहा था और खास बात यह है कि इसके एवज में उसे लगातार वेतन भी दिया जा रहा था। यह बात जब वर्तमान सिविल सर्जन डा. बीएल यादव के संज्ञान में आई तो उन्होंने विनोद बाथम सहित कागजों में नौकरी कर रही उसकी पत्नी बसंती बाथम को नौकरी से हटवा दिया। सिविल सर्जन के अनुसार इसी बात से नाराज होकर सोमवार को मेडिकल कालेज में पदस्थ डा. सुनील तोमर दोपहर करीब 12 बजे मेरे कार्यालय में पहुंचे और कहा कि बसंती की जगह पर उसका पति पहले भी नौकरी करता रहा है और आगे भी करेगा। डा. यादव के अनुसार उन्होंने इस बात का विरोध किया तो डा. सुनील तोमर गाली गलौंच करने लगे और पीटने की धमकी दी। सिविल सर्जन के अनुसार स्टाफ ने उन्हें बचाया, नहीं होता तो डा. तोमर मारपीट भी कर सकते थे। सिविल सर्जन डा. बीएल यादव ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है इसी मामले को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया है जिससे वह न्याय पूर्वक कार्रवाई करें।

## फुटकर बिक्री की मदिरा दुकानों के ई टेंडर के माध्यम से निष्पादन की अंतिम तिथि 15 मार्च

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए शिवपुरी जिले में 1 एकल मदिरा समूह की 3 मदिरा दुकानों का निष्पादन ई-टेंडर के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया एवं शर्तों के अधीन किया जाएगा। उक्त निष्पादन का कार्य कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं निष्पादन स्थल में किया जाएगा। ई-टेण्डर हेतु ऑनलाईन टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं ई-टेण्डर ऑफर सबमिट करने की अंतिम तिथि 15 मार्च को दोपहर 2 बजे तक निर्धारित की गई है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 में जिले की सभी मदिरा दुकानें कम्पोजिट शॉप होंगी। मदिरा दुकानों के निष्पादन के संबंध में नीति निर्देश आबकारी विभाग की वेबसाइट 222.से भी प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेंडर प्रपत्र खोलने की तिथि 15 मार्च को दोपहर 02 बजे से तथा जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से निराकरण किए जाने की कार्यवाही टेंडर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक की जाएगी।

## नवागत एसपी श्री धर्मवीर सिंह ने एसपी ग्वालियर का किया पदभार ग्रहण

ग्वालियर । आज नवागत पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर का पदभार ग्रहण किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा नवागत पुलिस अधीक्षक को मंगलवार सांय सिटी सेंटर स्थित एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर का पदभार सौंपा गया। नवागत एसपी ग्वालियर के द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरान्त जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व कार्यालयीन स्टॉफ से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर नवागत पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि ग्वालियर में आमजन की जो पुलिस से अपेक्षाएं हैं उन्हें पूरी करने का प्रयास किया जाएगा। ग्वालियर में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों की पतारसी के प्रभावी प्रयास किये जाएंगे। सीमावर्ती जिलों से आकर अपराध करने वाले बदमाशों पर लगाम कसी जाएगी। इस अवसर पर उन्होने कहा कि ग्वालियर जिले के लिये पुलिसिंग आमजन के लिये सुलभ होगी और आम व्यक्ति थाने में जाकर अपनी शिकायत को बिना किसी परेशानी व दबाव के दर्ज कराएगा

# पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा हुए सम्मानित

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर (शिवपुरी)दैनिक भास्कर पत्रकार समूह द्वारा पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा को उत्कृष्ट कार्य को



देखते हुऐ सेवा सम्मान से सम्मानित किया है। एसडीओपी शर्मा को यह सम्मान उनके द्वारा की जा रही बेहतरीन पुलिसिंग और समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कारण प्रदान किया गया है।शर्मा को यह सम्मान 07 माह के अपहृत दुधमुंहे बालक को जयपुर से दस्तयाब करने,साथ साथ ही पिछोर जैसी संवेदनशील विधानसभा के चुनाव शांतिपूर्ण करवाने, गूडर बैंक डकैती को 8दिन में सुलझाने सहित कई ब्लाइंड मर्डर को ट्रेस करने जैसे कार्य को देखते हुऐ दिया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि जिले के पुलिस कप्तान रघुवंश भदौरिया जी रहे,उन्होंने कहा कि पुलिस दिन रात काम करती है ,और काम संसाधनों में ज्यादा से ज्यादा परिणाम देने की कोशिश करती है,अत्यधिक जिम्मेदारियों के बीच इस तरह के कार्यक्रम पुलिस वालो को ऊर्जा से भर देते हैं,ग्वालियर से आए शर्मा जी ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# जनसुनवाई के दौरान एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर( शिवपुरी) पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी जे.पी.गुप्ता द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को जनसुनवाई की गई ।इस दौरान लोगों

### बैठक में हुऐ सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित

की समस्याएं सुनी एवं समस्याओं के निराकरण हेतु मौके पर ही उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को संबंधित शिकायत निराकरण हेतु आवेदनपत्र विभाग बार सौंपे।
बैठक के दौरान तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर,सीएमओ आनंद शर्मा नायबतहसीलदार निशिकांतजैन, रामनरेश आर्य,एमपीईबी डीई नितिन डोंगरे, सीडीपीओ अरविंद तिवारी, उरपरियोजना सहायकयंत्री आर.के.आर्य, विकासखंडशिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता, पशुचिकित्सा अधिकारी हेमंत ओझा, फूड इंस्पेक्टर राजवीरसिंह लोधी, पीएचई से आशीष परिहार, कृषिविभाग से इंदरसिंह




राजपूत,बनविभाग से जयप्रकाश बाथम,आजीविका मिशन से पूनम गौर उपस्थित रहे। जनसुनवाई में अधिकांश मामले नामांतरण,बीपीएल कार्ड, पट्टे, कब्जा तथा उरनदी परियोजना में किसान की जमीन के मुआवजे से संबंधित आवेदन प्राप्त हुऐ। कुछ समस्याओं को मौके पर निराकरण किया।इसी क्रम में कलावती पत्नी धनीरामअहिरवार वार्ड नंबर 13 के द्वारा आवदेन दिया की उन्हें धारणाधिकार का पट्टा तो दिया गया किन्तु रजिस्ट्री नहीं हो पाई,जिस पर रजिस्ट्री कराने हेतु निर्देश दिए गए वहीं उरपरियोजना में जमीन का मुआवजा न मिलने की शिकायतों को देखते हुऐ एसडीएम गुप्ता ने उरपरियोजना के सहायक यंत्री आर.के.आर्य को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लोगों की जो शिकायतें आ रही हैं ,आप लोग नारोली गांव में जाकर कैंप लगाए जहां आदिवासी रहते हैं जो लोग ये कहते है की हमारी जमीन है और हमे आज तक मुआवजा नहीं मिला है,उन सभी को एक कैंप लगाकर बुलाए जिसमे सरपंच,सेकेट्री तथा गांव के लोगों को साथ में लेकर के सत्यपान करे।एसडीएम द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुऐ कहा की लोगों की जो भी समस्या आती है उसका निराकरण करें कोई भी प्रकरण लंबित न हो।

# नगरपरिषद समितियां की मीटिंग का आयोजन नहीं

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

मध्य प्रदेश शासन नगर प्रशासन विभाग ने नगर परिषद और नगर पालिकाओं की समितियां को असीमित अधिकार दिए हैं। लेकिन नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज की समितियां की मीटिंग आज तक आयोजित न होने पर श्रीमती रश्मि शर्मा उपाध्यक्ष और अध्यक्ष, शिक्षा समिति और खेल एवं युवक कल्याण समिति की मीटिंग आयोजित नहीं करने और उनके द्वारा लिखे पत्र और स्मरण पत्र के बाद भी मीटिंग का आयोजन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में श्रीमती रश्मि शर्मा ने कलेक्टर गुना,अपर संचालक लोक शिक्षण जिला पंचायत गुना और संयुक्त संचालक नगर प्रशासन एवं नगरीय विभाग ग्वालियर को पत्र लिखा है।

मध्य प्रदेश नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका में समितियां को असीमित अधिकार हैं और प्रति माह एक मीटिंग का होना आवश्यक है, इसी क्रम में नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज के गठन दिनांक से आज दिनांक तक शिक्षा समिति और खेल एवं युवा कल्याण समिति नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज की आज तक मीटिंग का आयोजन ही नहीं किया गया, श्रीमती रश्मि शर्मा! उपाध्यक्ष नगर परिषद चाचौड़ा ने बताया कि उन्होंने 12 जनवरी 2024 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी चांचौंडा, विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवक कल्याण विभाग ब्लॉक-चाचौड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी जिला गुना,जिला समन्वय खेल एवं युवक कल्याण विभाग जिला गुना, प्राचार्य गर्ल्स और बॉयज डिग्री कॉलेज चाचौड़ा- बीनागंज और नोडल ऑफिसर एवं प्राचार्य गवर्नमेंट पीजी कॉलेज गुना को पत्र लिखा था कि आज तक समितियां के मीटिंग का आयोजन नहीं किया गया और शीघ्र मीटिंग आयोजन करने हेतु सभी जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र लिखा था,इसकी सूचना देने सभी जिम्मेदार

### रश्मि शर्मा उपाध्यक्ष नगर परिषद चाचौड़ा ने कलेक्टर और शासन को लिखा पत्र

अधिकारियों द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं करने पर 20 फरवरी को सभी को स्मरण पत्र दिया गया। इसके बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं होने पर 28 फरवरी को कलेक्टर गुना, अपर डायरेक्टर लोक शिक्षण जिला पंचायत गुना ,ज्वाइन डायरेक्टर नगर प्रशासन एवं नगरीय विकास विभाग ग्वालियर को और मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को जिम्मेदार अधिकारियों के वीर्य कार्रवाई करने और मेरे अधिकारों का जबरन अतिक्रमण करके दुरुपयोग करने के संबंध में पत्र लिखा है।

क्या है स्थानीय शासन की समितियां का अधिकार-
-अपने नगर क्षेत्र की योजना बनाने उनका क्रियान्वयन करने और आदेशित करने का अधिकार है-
-स्थानीय शासन के नियम अनुसार नगर परिषद का उपाध्यक्ष ही शिक्षा समिति और खेल एवं युवक कल्याण समिति दोनों समितियां का अध्यक्ष होता है इन दोनों समिति के निर्वाचन नहीं होते हैं।
-शिक्षा समिति में पार्षद और शासकीय अधिकारी कर्मचारी, शिक्षाविद और समाजसेवी इसके सदस्य होते हैं जो नगर में शिक्षा विभाग की एक्टिविटी और शासन द्वारा संचालित योजनाओं की। देखरेख करती है खेल एवं युवक कल्याण समिति नगर क्षेत्र में आयोजित होने वाली खेल गतिविधियां के संचालन में देखरेख करना सहयोग करना और उनकी योजना बनाना निगरानी रखना, हर गरीब परिवार को शिक्षा का लाभ मिले समिति का कार्य होता है। -शासन के विधान के अनुसार प्रति एक में मीटिंग होना आवश्यक है अधिकतम तीन माह के अंदर होना चाहिए अगर कोई सदस्य लगातार तीन मीटिंग में बिना सूचना के उपस्थित नहीं होता है तो समिति नोटिस देकर उसे सदस्य पद से पृथक कर देती है। मैंने शिक्षा समिति और खेल एवं युवक कल्याण समिति के मीटिंग के आयोजन के संबंध में ब्लॉक स्तर और जिले स्तर के सभी अधिकारी को पत्र लिख चुकी हूं मीटिंग का आयोजन नहीं करने पर मैंने कलेक्टर गुना अपर संचालक लोक शिक्षण जिला पंचायत गुना और ज्वाइन डायरेक्टर नगर प्रशासन एवं नगरीय विकास विभाग ग्वालियर को भी इसकी शिकायत की है लेकिन आज दिनांक तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है शिक्षा विभाग और खेल एवं युवक कल्याण विभाग में बहुत भ्रष्टाचार है मुख्य नगर पालिका अधिकारी पता नहीं क्यों मोहन शादी हुए हैं ऐसा मुझे प्रतीत होता है, इसलिए इन मित्रों का आयोजन संवैधानिक तरीके से आयोजन ही नहीं की जा रही है मेरे अधिकारों को जबरन छीना जा रहा है, यह लोकतंत्र की हत्या नहीं है तो क्या है, और मेरे साथ यह घिनोनी मजाक की जा रही है,

**-श्रीमती रश्मि शर्मा**
**उपाध्यक्ष, अध्यक्ष शिक्षा समिति, अध्यक्ष खेल एवं युवक कल्याण समिति**
**नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज जिला गुना**



# आदित्य धर बनाएंगे नई एक्शन थ्रिलर फिल्म, रणवीर सिंह से मिलाया है हाथ

**फिल्म 'उड़ीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर कुछ खास बनाने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में उनकी पहली चॉइस कोई एक्शन थ्रिलर फिल्म बनाने की है। रिपोर्ट्स की मानें, तो इस फिल्म के लिए उन्हें हीरो मिल गया है। अब देखना यह बाकी है कि इस हीरो के साथ मिलकर आदित्य की फिल्म दर्शकों के लिए क्या नया लेकर आती है।**

### रणवीर दिखेंगे नए अवतार में

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य धर की इस एक्शन थ्रिलर में रणवीर सिंह मुख्य किरदार निभाने वाले हैं। इसे लेकर आदित्य और रणवीर के बीच बातचीत चल रही है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि भारतीय खुफिया एजेंसियों पर आधारित होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में रणवीर का एकदम अलग अवतार नजर आएगा। इस फिल्म पर साथ काम करने के सिलसिले में रणवीर और आदित्य की चार-पांच बार मुलाकात भी हो चुकी है। ये मुलाकातें पिछले 3 हफ्तों में हुई हैं। बस फिल्म साइन करने को लेकर कागजी कार्रवाई की जानी बाकी है।

### रणवीर को पसंद आई स्क्रिप्ट

ऐसा लगता है कि रणवीर भी पिछले कई दिनों से एक अच्छी फिल्म हाथ लगने का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में जब यह प्रस्ताव उन्हें मिला, तो उन्होंने तुरंत हां कह दिया। रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य के कहने पर उन्होंने एक बार में हां कह दिया। पहली मीटिंग में आदित्य ने उन्हें फिल्म की सारी कहानी बता दी थी, जिसे सुनकर रणवीर को यह बहुत पसंद आई। रणवीर ने तो अपनी टीम को आदित्य की इस फिल्म के लिए अपनी तारीखें बुक करने को भी कह दिया है।

### आगे खिसकेंगी रणवीर की दूसरी फिल्में!

रणवीर आदित्य की इस फिल्म पर आगामी मई से काम शुरू कर पाएंगे। ऐसे में रणवीर की फिल्म 'डॉन 3' की शूटिंग आगे खिसक सकती है। ऐसा हुआ, तो वह इसे अगस्त 2024 तक ही शुरू कर पाएंगे। इसके बाद अगले साल वह शक्तिमान की शूटिंग भी शुरू करेंगे। गौरतलब है कि रणवीर सिंह की पिछली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी थी, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही सिंघम अगेन है।





# मैं खुद को पॉजिटिव रखने पर विश्वास करती हूं

**रसिका दुग्गल ने अपनी एक्टिंग और प्रतिभा से फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने फिल्मों और ओटीटी दोनों ही प्लेटफॉर्म पर कमाल का काम किया है। रसिका को मिर्जापुर के बीना त्रिपाठी के किरदार के लिए खूब प्रशंसा मिली। रसिका ने हामिद, ह्यूमरसली योर्स, मंटो, किस्सा-किस्सा, दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में भी बेहतरीन काम किया है। रोल चाहे कॉमिक हो या सीरियस, रसिका हमेशा खरी उतरी हैं।**

रसिका ने कहा- हर वक्त आप कुछ बेहतर चाहते हैं। ये चाह भी बहुत जरूरी है। जिंदगी का वसूल है कि हम जिस समय जो चाहते हैं, वो नहीं मिलता है। एक गैप हमेशा रहता है। आप पर निर्भर करता है कि आप उस गैप को कैसे देखते हैं। हम सब काफी मीटिंग और ऑडिशन दिया करते थे। कई दफा लोग बहुत इज्जत देते थे और कई बार लोग दोबारा मिलते ही नहीं थे। ऐसा भी होता था कि 3 घंटे तक हम अंधेरी के श्रीजी रेस्टोरेंट के बाहर लाइन लगा कर खड़े रहते थे। हां, कई बार मायूसी भी होती थी। लेकिन उस समय खुद को यही याद दिलाती थी कि मैं अकेली नहीं हूं। मुझे याद है कि एक फिल्म के लिए मैंने काफी कोशिश की थी। लेकिन मुझे वो फिल्म नहीं मिली थी। उस दौरान मैं काफी मायूस हो गई थी। हालांकि मेरी दोस्त एडिटर थी, वो भी काफी परेशान थी। हम दोनों एक-दूसरे को चीयर अप किया करते थे।

### रियल लाइफ में मैं बहुत इमोशनल हूं

रसिका ने अपना इमोशनल साइड बताते हुए कहा- मैं फिल्में देखकर रोने लगती हूं। मैं उस तरह की ऑडियंस हूं जो फिल्में देखकर बहुत हंसती है, या बहुत रोती है। सच कहूं तो स्ट्रगल के समय मैं बहुत रोई हूं। मुझे लगता है एक्सप्रेसिव होना बहुत जरूरी भी है। मैं मानती हूं- कोई भी फीलिंग हो, उसे पूरी तरह से महसूस करना और जाहिर करना अच्छा होता है।

### मझे ऑडिशन देने में कोई प्रॉब्लेम नहीं है

रसिका ने थोड़ा टीवी भी किया है। उन्होंने यशराज का एक प्रोजेक्ट किया था, जिसमें उनके साथ पंकज त्रिपाठी थे। रसिका से ओटीटी के बारे में भी बात हुई। उन्होंने कहा- हालांकि जब ओटीटी आया और मिर्जापुर रिलीज हुई, तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि इस कदर मुझे इस रोल के लिए तारीफ मिलेगी। रसिका ने ऑडिशन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा- एक डायरेक्टर के लिए ये जानना बहुत जरूरी होता है कि एक्टर मेरे किरदार पर फिट हो पा रहा है या नहीं। एक्टर-डायरेक्टर के लिए ऑडिशन अच्छा रहता है।

### मैं दिल्ली क्राइम के किरदार में खुद को देखती हूं

रसिका ने अपने किरदारों को निभाने के बारे में कहा- आप अपनी उतनी ही छाप छोड़ सकते हैं, जितना स्क्रिप्ट में आपका किरदार लिखा गया हो। फिर चाहे मैं मिर्जापुर की बात करूं या फिर दिल्ली क्राइम की। दिल्ली क्राइम की नीति सिंह मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं खुद को उस किरदार में देखती हूं। रसिका ने किसी कॉमेडी फिल्म में लीड रोल करने की ख्वाहिश भी जताई। रसिका को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे अच्छी चीज ये लगती है कि यहां सबके लिए काम है। उन्होंने कहा- हमारे देश में इतने बड़े लेवल पर फिल्में बनती हैं। कितने ऐसे भी देश हैं, जहां फिल्में बनती ही नहीं हैं। मुझे एक्सपेरिमेंट करना बहुत अच्छा लगता है। ओटीटी के आने से राइटिंग को वो अहमियत मिली, जो कहीं खो गई थी।

# नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं श्रिया सरन



बॉलीवुड में कई कलाकार पहले भी नेपोटिज्म पर अपनी बात रख चुके हैं। अब एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान भी जब इंडस्ट्री में आए थे तो एक आउटसाइडर थे। इनसाइडर-आउटसाइडर बहस के बारे में बात करते हुए श्रिया ने कहा, एक समय हर कोई आउटसाइडर था। शाहरुख खान भी एक आउटसाइडर थे जब उन्होंने इंडस्ट्री में प्रवेश किया था। चीजें अब काफी बदल रही हैं और यह तब तक बदलती रहेंगी जब तक इस पर बहस जारी रहेगी। एक्ट्रेस ने सुझाव देते हुए कहा कि वास्तव में स्क्रीन टेस्ट पर काम करने की जरूरत है। प्रत्येक प्रोडक्शन में स्क्रीन परीक्षण का एक आसान और सरल तरीका होना चाहिए, ताकि यह सभी लोगों के लिए कई दरवाजे खोले। श्रिया अगली बार शोटाइम में दिखाई देंगी, जिसमें इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं।



# महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने साझा किया ओडेला 2 का फर्स्ट लुक

महाशिवरात्रि और महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म ओडेला 2 का फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा किया है। इसी महीने से अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू की है। 1 मार्च को तमन्ना भाटिया ने अपनी इस नई फिल्म की शूटिंग शुरू की। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा की गई। ओडेला 2, क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी। तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। इसमें वह हाथ में डमरू, मस्तक पर तिलक लगाए महादेव की भक्ति में लीन दिख रही हैं। इसके साथ तमन्ना ने कैप्शन लिखा है, मुझे महा शिवरात्रि के इस शुभ दिन पर अपनी फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर की झलक साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हर हर महादेव! शुभ महा शिवरात्रि। अभिनेत्री की आगामी फिल्म की पहली झलक देख यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, हर हर महादेव! आपको नई फिल्म के लिए ढेरों बधाई। एक अन्य यूजर ने लिखा, पहली झलक काफी दमदार है। फिल्म और भी दमदार होगी, इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, शानदर लुक! जबर्दस्त फिल्म।

# 5 साल बाद टीवी पर कमबैक को लेकर उत्साहित हैं दीपिका सिंह

एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने हाल ही में सीरियल मंगल लक्ष्मी से टेलीविजन पर अपना कमबैक किया। शो में दीपिका एक मजबूत लेकिन रिजर्वड होममेकर के किरदार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की मानें तो ये किरदार उनके द्वारा निभाए गए अब तक के किरदारों से काफी अलग है।

### ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है

बातचीत के दौरान, दीपिका कहती हैं, मैं चैनल को धन्यवाद करना चाहूंगी कि उन्होंने मुझ पर इस शो के लिए विश्वास किया। मैंने अब तक जो भी काम किया, उससे ये बहुत ही अलग है। अब तक मैंने स्क्रीन पर एक स्ट्रॉन्ग वीमेन के रोल निभाए हैं। इस शो में भी मेरा किरदार अपने तरीके से स्ट्रॉन्ग है। वह अपनी फैमिली की बैकबोन है। लेकिन, वह कभी अपने किए काम के क्रेडिट की डिमांड नहीं करती। मेरा ये किरदार पूरी तरह से सेल्फलेस है। वैसे, इस किरदार के लिए मैंने अपने ऊपर भी काम किया है। रियल लाइफ में मैं सेल्फलेस बनने की राह पर हूं। मुझे लगता है कि ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है।

### मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं

5 साल बाद टीवी पर वापसी के सवाल पर, अभिनेत्री ने कहा कि इस दौरान वे अपने डांस के पैशन को एक्स्प्लोर कर रही थीं। उन्होंने कहा, दरअसल, एक्टर के अलावा मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं। इस ब्रेक के दौरान, मैंने अपनी क्लासिकल डांस की पढ़ाई पूरी की। मैंने क्लासिकल डांस की विद्या ली। इसकी भी बोर्ड एग्जाम की तरह परीक्षा होती है।

### मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया

बता दें, साल 2022 में दीपिका ने फिल्म टीटू अंबानी से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। दोनों प्लेटफार्म पर काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, अभिनेत्री ने आगे कहा, हर प्लेटफार्म का काम करने का तरीका अलग हो सकता है। मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया है। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया उन्होंने आगे कहा, फिल्म में आपको कम दिन के लिए शूटिंग करनी होती है। लेकिन, उसकी तैयारी कई महीने पहले से शुरू हो जाती है। बैकएंड पर बहुत काम होता है। कई बार तो 6-7 महीने वर्कशॉप, रीडिंग में लग जाते हैं। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया। फाइनली मंगल लक्ष्मी जैसा शो आया। सोचा ये तो जरूर करना चाहिए क्योंकि ये बहुत सुंदर स्टोरी है। मेरी ऑडियंस मुझे इसमें बहुत पसंद करेगी।



# गायक शान रेडियो नशा के लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ॉर टीनशोर सीज़न 7 को होस्ट करेंगे

**बॉलीवुड के प्रशंसित पार्श्व गायक शान फीवर नेटवर्क द्वारा संचालित एक लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ॉर किशोर के बहुप्रतीक्षित सातवें सीज़न के मेजबान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं, जो श्रोताओं को स्वर्ण युग का जश्न मनाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली प्रोग्रामिंग की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता है। भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने करिश्माई व्यक्तित्व और संगीत उद्योग में व्यापक अनुभव के साथ, शान महान पार्श्व गायक किशोर कुमार को समर्पित प्रिय श्रद्धांजलि श्रृंखला में एक नया दृष्टिकोण लाने के लिए तैयार हैं।**

किशोर कुमार, जिन्हें अक्सर भारत के महानतम मनोरंजनकर्ता के रूप में जाना जाता है, ने अपनी विशिष्ट आवाज़ और अद्वितीय प्रतिभा से संगीत उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी। अपने शानदार करियर के दौरान, किशोर कुमार ने रोमांटिक गीतों से लेकर जोशीले गानों तक, कई शैलियों में अपने भावनात्मक प्रदर्शन और अविस्मरणीय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। और यह तथ्य तो सभी जानते हैं कि शान ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के कारण दशकों तक अपनी मधुर आवाज और गतिशील मंच उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। व्यक्तिगत स्तर पर श्रोताओं से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें उस शो का नेतृत्व करने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है, जो किशोर कुमार के शाश्वत संगीत और पुरानी यादों का जश्न मनाता है। क्रेज़ी फ़ॉर किशोर किशोर कुमार के प्रतिष्ठित गीतों को प्रदर्शित करके और भारतीय संगीत पर उनके प्रभाव को उजागर करके उन्हें श्रद्धांजलि देता है। शो के प्रत्येक एपिसोड में किशोर कुमार के अनसुने उदाहरणों, गीतों, सामान्य ज्ञान और उनकी यादों की प्रस्तुति दी जाती है। शान के नेतृत्व में, क्रेज़ी फ़ॉर किशोर सीज़न 7 एक अविस्मरणीय संगीत अनुभव प्रदान करने का वादा करता है जो एक नए और रोमांचक तरीके से दर्शकों को आकर्षित करते हुए किशोर कुमार की विरासत का सम्मान करता है। शो की मेजबानी करने के अलावा, शान से किशोर कुमार के जीवन और करियर के बारे में अंतर्दृष्टि साझा करने की उम्मीद की जाती है। रेडियो पर क्रेजी फॉर किशोर एक ऐसा शो है जो हमेशा से मेरा पसंदीदा रहा है.. मैंने हमेशा गुप्त रूप से आशा और कामना की है कि मैं इस शो का हिस्सा बन सकूं.. इसलिए जब सीज़न की पेशकश मेरे पास आई.. तो मैंने इसे दोनों के साथ स्वीकार कर लिया। हाथ. रेडियो नशा में रोहिणी और उनकी टीम इस संपत्ति के प्रति बेहद अनुभवी और समर्पित है और बेहद उत्साहजनक भी है। इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला और वास्तव में मुझे जल्दी से आरजे टोपी पहनने में मदद मिली। और बिल्कुल, जब एकमात्र किशोर कुमार के बारे में बात करने की बात आती है.. मैं उनकी आवाज, उनके व्यक्तित्व, उनकी निजी कहानियों के बारे में बात करता रह सकता हूं, आज के संगीत और गायकों पर उनका प्रभाव है। कुल मिलाकर मैं क्रेज़ी फ़ॉर किशोर, का बिल्कुल नया होस्ट बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह शो फीवर पर भी प्रसारित किया जाएगा, जिसने हाल ही में खुद को नए लुक और पोजिशनिंग के साथ नया रूप दिया है। श्रोताओं को शो फीवर एफएम स्टेशन पर सोमवार से शुक्रवार शाम 4-5 बजे तक और रेडियो नशा पर सोमवार से शुक्रवार क्रमशः सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे और रात 10-11 बजे तक सुनने को मिलेगा।



# तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन का द्वितीय दिवस

**सीहोर।** चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातोकतर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन कृतिरंग के द्वितीय दिवस का शुभारंभ दिनांक 12 मार्च को महाविद्यालयीन सभागार में प्रभारी प्राचार्य डॉ शील चंद्र गुप्ता, सांस्कृतिक समिति प्रभारी, डॉ. तृप्ता झा व समिति सदस्य डॉ रीना मरकाम, डॉ. सरला के द्वारा माँ सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ शुरू किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को स्नेह सम्मेलन के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया की स्नेह सम्मेलन के आयोजन द्वारा उनकी अंतर्मुखी प्रतिभा के विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है व मानसिक क्षमता को भी बढाता है प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले कर विद्यार्थी अपने अपने व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास कर सकते हैं तत्पश्चात विद्यार्थियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन ,रंगोली प्रतियोगिता एव एडमड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के लिए एडमड प्रतियोगिता के आयोजन के साथ किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने समूह मे दिये गए बिषय पर रोचक तरीके से हास्य रूप में अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री विनयमणि त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# भारतीय मजदुर संघ ने मनाया महिला दिवस



सीहोर। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला दिवस श्रीमति उषा राठौर जिला अध्यक्ष के निवास इन्दौर नाका पर मुख्य अतिथि श्रीमति संगीता राठौर व सावीत्री वर्मा कि उपास्थिती में महिला दिवस मनाया। इस मौके पर श्रीमति उषा राठौर द्वारा महिलाओं की महत्ता परिवार व समाज में क्या है, बताई। इस अवसर पर अनिल शर्मा पूर्व विभाग अध्यक्ष, राम परमार जिला मंत्री द्वारा बताया गया कि विश्व में महिलाऐं जल सेना, थल सेना, वायु सेना एंव जल सेना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस समय देश के राष्टपति भी महिला है। इस मौके पर श्रीमति संगीता राठौर अध्यक्ष द्वारा महिलाओं को खेल कुद एवं संस्कृतिक कार्यक्रम अपनी महत्वपूर्ण भुमिका निभाने पर इनाम वितरित किये। इस अवसर पर उपस्थित सदस्य उषा राठौर, मालती यादव, संगीता राठौर, कृष्णा परमार, यशीता धिमान, अनिल शर्मा पूर्व विभाग प्रमुख, राम परमार जिला मंत्री सीहोर, बीरसिंह, वी.के. मीश्रा, राम सिंह यादव, चन्द्र मान यादव, रतना विश्वकर्मा, मेहनाज खान, डाली, रेखा राठौर पदमा सोनी मुख्य अतिथी सवीता वर्मा, केशर बाई, रतना चौरासीया, रीना, लिना, लक्ष्मी प्रजापति, माया राठौर सेवन्ती, सुशीला बाई, हेमलता, आरती, चिन्ता आदि शामिल रही। कार्यक्रम में उपास्थित महिला सथियों का आभार उषा राठौर द्वारा व्यक्त किया गया।

# पीएम सूर्य घर योजना में मिलेगी एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली तीन किलोवॉट के सौर संयन्त्र लगाने पर 78 हजार की मिलेगी सब्सिडी

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

केंद्र सरकार द्वारा देश के एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। लोगों को इस योजना का लाभ विद्युत वितरण कंपनी ने देना शुरू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे ऊपर के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। यह सब्सिडी पहले से ज्यादा है। इसके लिए देशभर के एक करोड़ उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।इस नई योजना में अब एक किलोवॉट पर 30 हजार, दो किलोवॉट पर 60 हजार एवं तीन या उससे अधिक के सोलर प्लांट पर 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी मिलेगी। गौरतलब है कि दिसम्बर-2023 की स्थिति में केन्द्र सरकार द्वारा प्रति किलोवॉट 14 हजार 588 रूपए की सब्सिडी दी जा रही थी जो कि जनवरी-24 में बड़ाकर 18 हजार रुपए प्रति किलोवॉट कर दी गई थी। जिसे अब और बड़ाकर दो किलोवाट तक 30 हजार रुपए प्रति किलोवाट कर दी गई है। इस तरह दिसंबर की तुलना में दिनांक 13 फरवरी 2024 के बाद लगने वाले दो किलोवाट तक के सौर्य संयन्त्र पर मिलने वाली सब्सिडी 36 हजार रुपए के स्थान पर अब उपभोक्ता को 60 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। पीएम सूर्य घर योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली की सुलभता के साथ आर्थिक बचत करवाना शामिल है। मिलने वाली सरकारी सब्सिडी का लाभ देकर लोगों को प्रोत्साहित करना है। पीएम सूर्य घर योजना से जुड़ने पर पर्यावरण के हितों की रक्षा हो सकेगी। योजना में अधिक से अधिक लोग जुड़कर लाभ ले सकते हैं।

# जनसुनवाई में सुनी गई आवेदकों की समस्याएं 71 आवेदकों ने दिया आवेदन



**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में आज 12 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल ने डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई व अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में 71 आवेदकों ने अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए हैं।जनसुनवाई में कसरावद तहसील के अहिर धामनोद के कैलाश यादव शिकायत लेकर आये थे कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास के लिए उन्होंने 05 वर्ष पूर्व पंचायत में आवेदन भी किया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई हैं। कैलाश का कहना है कि घर के पास बनी नाली का गंदा पानी भी घर में आता है जिसकी सफाई भी पंचायत द्वारा नहीं कराई जाती है।तयकसरावद तहसील के ग्राम भोईंदा के निवासी बद्री चावरे अपने गांव के घाट बड़िया एवं नर्मदा के बीच में चारागाह की भूमि पर संजय जायसवाल द्वारा अवैध उत्खनन किये जाने की शिकायत लेकर आए थे। ब्रदी चावरे का कहना था कि अवैध उत्खनन के कारण अप्रिय घटना की संभावना बनी रहती है। कसरावद तहसील के ग्राम कठोरा के निवासी चुन्नीलाल शिकायत लेकर आए थे कि सत्यनारायण जायसवाल द्वारा गांव के शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और इस भूमि पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। अतः गांव की शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाया जाए और रेत का अवैध उत्खनन रोका जाए।खरगोन तहसील के ग्राम अदमपुरा के नानी बाई गांव में गिट्टी खदान आवंटित करने की मांग लेकर आयी थी। नानी बाई का कहना था कि उसके द्वारा अदमपुरा के सर्वे नंबर 25 में गिट्टी खदान के लिए आवेदन किया गया था

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 80 से अधिक आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष 80 से अधिक आवेदन आए, जिन पर संबंधितो को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर अकुर रवि गुप्ता,अन्य अधिकारी एवं शहरी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने बीमारी से संबंधित इलाज,विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण,पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता,हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋष्ा, बीपीएल राशन कार्ड,जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को दिए है।आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

# वीआईटी विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम कचनारियाँ में कराया गया बालिका शौचालय का जीर्णोद्वार

सीहोर। वीआईटी भोपाल विश्विद्यालय कोठरी के द्वारा दिनांक 05 मार्च 2024 को ग्राम कचनारिया के मिडिल स्कूल के बालिका शौचालय का जीर्णोद्वार कर स्कूल को समर्पित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, वीआईटी विश्विद्यालय का सात दिवसीय एनएनएस शिविर दिनांक 8 से 14 फरवरी तक कचनारिया में ही लगाया गया था। शिविर के दौरान एन एस एस ईकाई के प्रयासों एवम विश्विद्यालय प्रबंधन की मदद से शौचालय का जिर्णोधावार लगभग 45000 रुपए में कराया गया। दिनांक 05 मार्च को वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री कादंबरी विश्वनाथन के जन्मदिवस के अवसर पर कचनारिया के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के बालिका शौचालय का वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा नवीकरण करके विद्यालय को समर्पित किया गया जिसका उद्घाटन



विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. देबाशीष अधिकारी ने किया।इस समीक्षात्मक पहल से कचनारिया के छात्राओं को एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण का विश्वास मिला। डॉ. अधिकारी ने विश्वविद्यालय द्वारा इस कदम की प्रशंसा की और महिला शिक्षा में समृद्धि के लिए समर्पित होने का सभी को संकल्प दिलाया।इस सुधार के माध्यम से, नारिशक्ति को उच्च शिक्षा में और अधिक समाहित बनाने के प्रति ग्रामीणों को प्रतिबद्ध किया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षकों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनोद भट्ट के निस्वार्थ प्रयासों की सराहना की एवम उनके सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी संलग्न के लिए बधाई दी।इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह मेवाड़ा, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद भट्ट और डॉ. आभा गुप्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण और विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।इस उपलब्धि पर बरकतउल्ला विश्विद्यालय भोपाल के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ अनन्त कुमार सक्सेना, इटीआई प्रशिक्षक राहुल सिंह परिहार, जिला सीहोर, राज्यस्तरीय पुरुस्कार से सम्मानित घनश्याम बामनिया,रासेयो के वरिष्ठ स्वंय सेवक आशीष मेवाड़ा आदि ने हार्दिक बधाई दी।

# हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ प्रथम वर्षगांठ कार्यक्रम, भक्तिमय हुआ होसूर

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**होसूर ।** श्री सीरवी समाज बडेर होसूर की तरफ से श्री आई माताजी बडेर का प्रथम वर्षगांठ दो दिवसीय महोत्सव राजस्थान की भजन गायिका अनीताजी जांगिड़ एवं समाज के गणमान्य नागरिकों के सानिध्य में संपन्न हुआ। मंगलवार की प्रभात वेला में मंत्रोच्चारो के बीच स्थापित देवी देवताओं का पूजन किया गया ।हवन कुंड में लाभार्थी जोड़ो ने आहुति दी।हवन की महक से संपूर्ण बडेर परिसर महक उठा। अमर ध्वजा के लाभार्थी बाबूलाल बर्फा एवं परिवार ने ध्वजारोहण किया । बर्फा परिवार का परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। स्वागत में होसूर गेर मंडल ने अपने हाथों में रंग बिरंगी छतरियां लेकर एवं राजस्थानी वेशभूषा में गेर नृत्य किया। वहीं युवाओं ने चंग की थाप पर फाल्गुन गाया। माता बहनों ने राजस्थानी नाच गान के साथ जन्मभूमि की अद्भुत छटा बिखेरी। मां आईजी एवं धर्मगुरु दीवान साहब के जयकारे लगाता हुए पारंपरिक वेशभूषा में जनसैलाब जब बडेर में इकट्ठा हुआ तो सब श्रद्धालुओं का मन गदगद हो उठा।इससे पूर्व सोमवार को पंडाल में रात्रि जागरण का आयोजन हुआ।जागरण का शुभारंभ



विनायक वंदना से हुआ। राजस्थान की उभरती सितारा अनीता जांगिड़ ने स्थानीय भजन कलाकारों के साथ मिलकर भजन संध्या में चार चांद लगा दिए, श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मंगलवार को दोपहर के भोजन प्रसादी की व्यवस्था श्री सीरवी समाज होसूर की तरफ से रखी गई,जिसका दर्शकों में बखूबी लाभ उठाया। इस अवसर पर अन्य बडेर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे,सेवा के लिए होसूर बडेर नवयुवक मंडल एवं महिला सेवा मंडल ने अन्य बडेर से सेवार्थ निमंत्रित नवयुवक मंडल एवं महिला सेवा मंडल को साथ लेकर सुव्यवस्था में कोई कसर नहीं छोड़ी।अन्य बडेर से उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अपने अनुभव से इस विशाल कार्यक्रम को सरलता से संपन्न करवाया। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष वीरमराम सोलंकी, अतिबेले बडेर के पूर्व अध्यक्ष मूलाराम काग , आनेकल बडेर अध्यक्ष बालुराम गहलोत, चंदापुरा बडेर के अध्यक्ष हरिराम काग, उपस्थित थे। जिन्होंने अपने मन की अनंत गहराइयों से कार्यक्रम की सफलता को सराहा। इस मौके पर होसूर बडेर के अध्यक्ष बाबुलाल बर्फा, उपाध्यक्ष भुराराम गहलोत, सचिव भुंडाराम सैणचा,सह सचिव उमाराम सैणचा, कोषाध्यक्ष भरतलाल बर्फा सह कोषाध्यक्ष रामचंद्र चोयल, पूर्व अध्यक्ष तिलोकचंद परिहारिया, पूर्व सचिव तुलसाराम चावंडिया, पूर्व कोषाध्यक्ष भंवरलाल सेपटा, सूचना मंत्री लक्ष्मण राम परिहारिया एवं ट्रस्टी सदस्य, नवयुवक मंडल, महिला मंडल एवं समस्त कार्यकारिणी उपस्थित थे। बाहर से पधारे मेहमानों का शाल माला से स्वागत किया। मेहमानों ने अपने वक्तव्य में धर्म, शिक्षा एवं अपने कर्तव्य परायणता पर विचार प्रकट किए। बाल संस्कार, खेलकूद एवं नारी शक्ति सशक्तिकरण पर जोर देकर इनको विकसित करने की सलाह दी। मंच का संचालन रूपाराम सैणचा ने किया। सचिव भुण्डाराम सैणचा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बूथ विजय अभियान,हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य : देवेंद्र सिंह नरवरिया

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

भिण्ड ।भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने प्रेस वार्ता में कहा कि नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष से लगातार दो वर्षों से संगठन के विस्तार और पार्टी के जनाधार वृद्धि के लिए बूथ सशक्तिकरण पर कार्य हो रहा है।श्री नरवरिया ने बताया कि बूथ विस्तारक अभियान 1 एवं 2 ए बूथ के नेतृत्व का प्रशिक्षणर बूथ विजय संकल्प अभियानए शक्ति सम्मेलन से लेकर बूथ स्तर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रम और अभियान आयोजित किए गए। भाजपा की जनसंघ कालीन परंपरा को चलाते हुए घर घर संपर्कए पर्ची वितरण और मतदान के दिन प्रातः परिवार सहित वोट करने के लिए कार्यकर्ता एवं समर्थक परिवार जागरण अभियान प्रभावी रहे हैं। परिणाम मूलक और लोकतंत्र को मजबूत करने वाले हैं।श्री नरवरिया ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हमने पिछले विधानसभा चुनाव में 10 वोट वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करते हुए पार्टी के जनाधार में वृद्धि की है। साथ ही लगभग बूथों पर विजय प्राप्त की।उन्होंने कहा किसी भी




राजनीतिक दल द्वारा प्रदेश में विधानसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी सफलता मध्यप्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्राप्त की।उन्होंने कहा कि श्री मोदी द्वारा हर बूथ पर 370 वोट का लक्ष्य देश भर के कार्यकर्ताओं को दिया गया है। 370 एक संख्या मात्र नहीं बल्कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए यह एक भावनात्मक विषय है। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने राष्ट्रीय एकात्मकता, संप्रभुता के लिए स्वतंत्र भारत का पहले आंदोलन के नेतृत्व करते अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उन्होंने जम्मू कश्मीर में धारा 370 के विरोध में आंदोलन का सूत्रपात करते हुए नारा दिया कि दो निशान - दो विधान नहीं चलेंगे।श्री मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश 13 मार्च से बूथ विजय अभियान प्रारंभ कर रही है। इस अभियान कार्यकर्ता 10 दिन हर दिन 2 घंटे बूथ पर प्रवास करेंगे।सभी बूथों पर पूर्ण विजय का संकल्प के साथ हम सब मिलकर लक्ष्य सिद्ध करेंगे।हर दिन हेतु करणीय कार्य प्रदेश द्वारा सुझाव दिए गए हैं। इन कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग प्रवासी कार्यकर्ता संगठन ऐप पर रियल टाइम करेंगे। हर कार्यकर्ता के कार्य का लेखा जोखा होगा। कार्यकर्ता का परिश्रम ही पार्टी की शक्ति है।जिला में निवासरत सभी वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधिए पदाधिकारीए वरिष्ठ नेता समेत सभी कार्यकर्ताओं से बात कर उनके बूथ निम्नानुसार हैं।भाजपा के हर स्तर के पदाधिकारीए मोर्चा एप्रकोष्ठ की इकाइयां इस अभियान में भागीदार होंगी। वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी अजय शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन





रीवा। (पुष्पांजली टुडे )। शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के हरदी परिसर में स्थित पेंटियम प्वाइंट कॉलेज आफ मैनेजमेंट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में मातृ शक्ति बंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय द्वारा हर वर्ष यह कार्यक्रम 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है किंतु इस वर्ष महाशिवरात्रि होने के कारण यह कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाया था।इसी संदर्भ में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में मां सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ।आज के इस कार्यक्रम में रीवा शहर के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मात्र शक्तियों को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया सम्मान समारोह में मुख्य रूप से सुषमा त्रिपाठी समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित हुई, प्रोफेसर नविता श्रीवास्तव उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, डॉ ज्योति सिंह चिकित्सा के क्षेत्र में,निशा मिश्रा कानून व्यवस्था के क्षेत्र में,डॉ सविता शुक्ला एवं डॉ अर्चना पटेल को महाविद्यालय के प्रति विशेष योगदान के लिए शाल एवं स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रबंधन के छात्र -छात्राओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम पर पोस्टर तथा पीपीटी प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया गया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस सम्मान समारोह में उपस्थित महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी एन त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ग्रंथों में कहा गया है %यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:% अर्थात जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं।महिलाएं समाज,राष्ट्र और सृष्टि की सृजनकर्ता हैं। हम एक दिन क्या पूरे वर्ष भी महिलाओं के लिए आयोजन करें तो कम हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं का सम्मान करना और उन्हें देश एवं समाज के निर्माण में इसी तरह अपना योगदान देते रहने के लिए प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए एक शानदार अवसर था महाविद्यालय परिवार ऐसी श्रेष्ठ शक्तियों का सम्मान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी,पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ सीमा शुक्ला,पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट से डॉ मोना तिवारी,महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक जितेंद्र सिंह परिहार,मनोज गुप्ता,आशुतोष गुप्ता,महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ राकेश तिवारी,सुनील तिवारी,प्रतिज्ञा शर्मा,जय प्रकाश सोनी,पंकज पटेल,के सी त्रिपाठी,अंकुर फाटक आदि प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक तथा पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के सभी छात्र उपस्थित रहे।

## बच्चों को जयंती कुंज का कराया गया भ्रमण

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** पर्यावरण शिक्षा जागरूकता अनुसंधान एवं कौशल विकास योजना के तहत बालभवन के बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई। सहायक संचालक जीवेन्द्र सिंह ने बताया कि बच्चों को प्रकृति भ्रमण के तहत जयंती कुंज का भ्रमण कराया गया जहाँ उन्हें विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों तथा पक्षियों को दिखाकर उनके बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा करने की समझाइश दी गई। बच्चों को बताया गया कि हमें किसी भी स्थिति में पर्यावरण को हानि नहीं पहुंचाना चाहिए। अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए जिससे हमारे आसपास के चारों ओर का वातावरण संतुलित बना रहे। अपने जीवन में ऐसी आदतें विकसित करना चाहिए जिससे पर्यावरण पर बुरा प्रभाव न पेड़। आज विभिन्न कारणों से हमारा पर्यावरण दूषित होता जा रहा है जिसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। गत दिवस बाल भवन में स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया और बच्चों को स्वच्छता की जानकारी दी गई।

## जन सुनवाई में 90 आवेदन पत्रों में की गई सुनवाई

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 17 में साप्ताहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा ने आमजनता के 90 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जन सुनवाई में सीमांकन, मजदूरी भुगतान, पेंशन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, भू अर्जन की राशि के भुगतान आयुष्मान कार्ड, आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सात दिनों में प्रकरणों का निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



## नि :शुल्क स्वास्थ्य जाँच अभियान में 5279 व्यक्तियों की हुई जाँच

**रीवा( पुष्पांजली टुडे )।** जिले भर में 9 मार्च से 22 मार्च तक निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य जाँच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिकों में असंचारी रोगों की जाँच के लिए सेम्पल लिए जा रहे हैं। जाँच के बाद 48 घंटे की समय सीमा में जाँच कराने वाले के मोबाइल नम्बर पर जाँच रिपोर्ट भेजी जा रही हैं। अभियान के तहत 18 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच की जा रही है। अब तक 5279 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच की जा चुकी है। स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जाँच के लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय में शिविर लगाकर अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं के तहत मोबाइल टीमों द्वारा भी प्रत्येक ग्राम पंचायत में 20 महिला तथा 20 पुरूषों की स्वास्थ्य जाँच के लिए नमूने लिए जा रहे हैं। जिले में 12 मार्च तक विकासखण्ड गंगेव में 648, त्योंथर में 775, सिरमौर में 516, गोविंदग? में 722, नईग?ी में 645 व्यक्तियों की स्वास्थ्य की जाँच की जा चुकी है। रीवा नगर निगम क्षेत्र में 491, मऊगंज विकासखण्ड में 499, जवा में 680 तथा हनुमना विकासखण्ड में 303 व्यक्तियों की जाँच की गई है। शिविर में लिए गए नमूनों की जाँच शासन द्वारा अनुबंधित कंपनी द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं में की जा रही है। डॉ शुक्ला ने आमजनता से निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच अभियान में अपने स्वास्थ्य की जाँच कराने की अपील की है।

## पेयजल के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

रीवा(पुष्पांजली टुडे). लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आगामी गर्मी में रीवा जिले की सभी बसाहटों में पेयजल की व्यवस्था के लिए समुचित उपाय किए गए हैं। पेयजल संबंधी कठिनाईयों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय में स्थापित किया गया है। इसका टेलीफोन नम्बर 07662-297441 है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि इसका प्रभारी अधिकारी मानचित्रकार प्रमोद कुमार मानव को बनाया गया है। इनका मोबाइल नम्बर 8269358689 है। कंट्रोल रूम में रविशंकर प्रजापति मोबाइल नंबर 9828677533, जितेन्द्र कुमार शर्मा मोबाइल नंबर 9200701465, उपेन्द्र मिश्रा मोबाइल नंबर 8517895701 तथा गोरेलाल शर्मा मोबाइल नंबर 9826856292 की भी ड्यूटी लगायी गयी है। कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्य करेगा। कंट्रोल रूम में पेयजल व्यवस्था से संबंधित सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

## पेयजल समस्या निराकरण के लिए मऊगंज में प्रकोष्ठ गठित

### टोल फ्री नं. 07663-299023 पर की जा सकती है शिकायत

रीवा।मऊगंज जिले में ग्रीष्म ऋतु में जनजनित बीमारियों एवं संभावित पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण नियंत्रण एवं रोकथाम एवं पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय प्रकोष्ठ का गठन किया गया जिसका टोल फ्री नं. 07663-299023 है। कंट्रोल रूम प्रभारी एके पाण्डेय अनुरेखक मोबाइल नंबर 9424354390 प्रात- 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दिनेश दुबे मोबाइल नंबर 9993215602, प्रात- 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मोहम्मद इसराइल मोबाइल नंबर 8085368236, दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक, दिनेश कोल मोबाइल नंबर 9644632404, दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक तथा भूपेन्द्र अहिरवार मोबाइल नंबर 8109785974 अवकाश के दिनों में प्रथम पाली में प्रात- 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्री उपेन्द्र रावत मोबाइल नंबर 8962824478 तथा द्वितीय पाली में श्री उमा प्रसाद मिश्रा दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक मोबाइल नंबर 7000676135, उक्त कार्य का संपादन करेंगे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज अमित शाह ने बताया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड मऊगंज सहायक यंत्री केबी सिंह मोबाइल नंबर 9755672540 ब्लाक समन्वयक, विकास सिंह मोबाइल नंबर 9424610005 ब्लाक समन्वयक हनुमना श्रीमती श्यामवती पटेल मोबाइल नंबर 9685334366 एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड त्योंथर सहायक यंत्री एपी तिवारी मोबाइल नंबर 9589135484 ब्लाक समन्वयक अमित मिश्रा मोबाइल नंबर 9893401548 एवं नईग?ी ब्लाक समन्वयक श्रीमती प्रियंका भारती मोबाइल नंबर 9827276681 पर संपर्क किया जा सकता है।

## रोजगार मेला आज

रीवा। जेएनसीटी कॉलेज रतहरा रीवा में 13 मार्च को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर इस रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, जेएनसीटी कालेज एवं वर्क टूगेदर रीवा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले में पेसिफिक साइबर टेक्नॉलाजी प्रा.लि. सिलवासा, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस जबलपुर, वर्ग-टूगेदर, फ्लिप कार्ट, एलएण्डटी रीवा, आई सेक्ट ग्रुप रीवा, गैवीनाथ कृषक प्रोडयूसर कंपनी लि. सतना एवं ब्रोक्स इण्डिया लिमि. गुजरात की कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जायेगा। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये इस रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियाँ रोजगार मेले में पहुंचकर प्रात- 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजी./बीई मैकेनिकल इलेक्ट्रिकल्स तथा फार्मेसी डिप्लोमा अथवा बैचलर डिग्री उत्तीर्ण होना निर्धारित की गई है। उनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। वेतन भत्ता 10 हजार रूपये से 40 हजार रूपये तक निर्धारित किया गया है। युवक अपने साथ अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं पासपोर्ट साइज के दो नवीनतम फोटो लेकर आएं।

## नगर पालिका परिषद भरवारी में विकास कराए जाने हेतु भारतीय किसान मजदूर यूनिट सिंघानिया ने प्रधानमंत्री से लगाई गुहार

प्रदेश सचिव लकी तिवारी ने नगर पालिका परिषद भरवारी में विकास कार्य कराए जाने हेतु प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर गुहार लगाई है उन्होंने अपनी मांगों में नगर पालिका भरवारी प्राथमिक विद्यालय परसरा के सामने नाला निर्माण तत्काल कराया जाए एवं वार्ड नंबर 20 केशव नगर भटपुरवा में इंटरलॉकिंग रोड 50 मी घनश्याम कुशवाहा के घर से पंचायत भवन पुल तक बनाया जाए नगर पालिका भरवारी के अंतर्गत भिकियापुर गांव में रोड व नली भ्रष्ट होने से जल जमाव होने के कारण ग्रामीण व स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती हैं जिसे तत्काल नाली व रोड निर्माण कराए जाने की मांग की सिंधिया नगर पालिका में हरिजन आबादी के मोहल्ले में जल भराव बना रहता है जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का डर बना रहता है खाटू श्याम जी का मंदिर का निर्माण कराया जाए और नगर पालिका भरवारी के अंतर्गत पांडेय मऊ में रोड पर पानी भरा रहता है जिसका निस्तारण कराया जाए एवं नगर पालिका भरवारी के अंतर्गत परसरा मोहल्ला मोखड़ी पर रास्ता खराब होने से तत्काल इंटरलॉकिंग कार्य एवं नाली निर्माण कराया जाए नगर पालिका अध्यक्ष व ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य में धाधली एवं घोटाला करने पर रोक लगाकर किसी उच्च अधिकारियों से जांच कर कर धांधली एवं घोटाला पर रोक लगाई जाए नगर पालिका भरवारी के सभी वार्डों में विवाह घर का निर्माण कराया जाए जिससे गरीब लोगों की शादी सुचारू रूप से संपन्न हो सके

## पीएम सूरज प्रोग्राम का आयोजन आज

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आज 13 मार्च को पीएम सूरज प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम दोपहर एक बजे से एनआईसी कलेक्ट्रेट में किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जिला संयोजन अनुसूचित जाति/जनजाति कार्य विभाग के नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही सहायक संचालक पिछ?ावर्ग मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला अन्त्यावसायी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय, जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी तथा मधुर मोहन मिश्रा संभागीय उपायुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विकास को कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिये विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं।

## जितनी तन्मयता से प्रशिक्षण लेंगे उतनी सरलता से कार्य होगा: डॉ सोनवणे

### सेक्टर आफीसर को दिया गया प्रशिक्षण

**रीवा( पुष्पांजली टुडे )।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सेक्टर आफीसरों का चुनाव प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि सेक्टर आफीसर निर्वाचन की महत्वपूर्ण क?ी हैं। अपने सेक्टर में उसे पूरे वैधानिक अधिकार प्रदान किए जा रहे हैं। सेक्टर के सभी मतदान केन्द्रों में सुचारू मतदान की व्यवस्था में समन्वय की पूरी जिम्मेदारी सेक्टर आफीसर की होगी। सेक्टर आफीसर जितनी तन्मयता से प्रशिक्षण लेंगे उतनी ही सरलता से कार्य संपन्न होगा। आप सब अपने निर्धारित सेक्टर का भ्रमण करके मतदान केन्द्रों के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कानून व्यवस्था तथा वर्नबेलिटी के संबंध में भी पूरी जानकारी दें। सेक्टर आफीसर मतदान दल रवाना होने से लेकर मतदान सामग्री जमा होने तक मतदान दल के साथ रहें। मतदान दल को किसी भी तरह की कठिनाई आने पर उसका समाधान सेक्टर आफीसर को ही करना है। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने कहा कि विधानसभा चुनाव में



सभी सेक्टर आफीसरों ने बहुत अच्छा कार्य किया। मतदान के संबंध में जानकारी दर्ज करने में लगभग 10 पीठासीन अधिकारियों ने गलती की। सेक्टर आफीसर मतदान संबंधी जानकारियों में हस्ताक्षर करने से पहले पीठासीन अधिकारी के द्वारा तैयार सभी प्रपत्र देख लेंगे तो किसी भी तरह की गलती नहीं रहेगी। ईव्हीएम के संचालन के संबंध में भी सेक्टर आफीसर पूरा अभ्यास कर लें। बहुत छोटी सी कठिनाई पर कई बार ईव्हीएम को बदलने की नौबत आ जाती है। ईव्हीएम संचालन की जानकारी होने पर इन कठिनाईयों को दूर किया जा सकता है। ईव्हीएम बदलते समय भी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन करें। प्रशिक्षण देते हुए सुपर मास्टर ट्रेनर तथा नोडल अधिकारी प्रशिक्षण डॉ अमरजीत सिंह ने कहा कि सेक्टर आफीसर मतदान को सुचारू सम्पन्न कराने के साथ मतदान केन्द्र की व्यवस्था के लिए भी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर ने कहा कि सेक्टर आफीसर मतदान की प्रक्रिया, इलेक्ट्रानिक मशीन के संचालन, चुनाव प्रबंधन, निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का बारीकी से गहन अध्ययन करें। चुनाव से जु?ी हर तरह की जानकारी होने पर ही सेक्टर आफीसर अपना कार्य कर सकेंगे। मतदान सामग्री के वितरण, मतदान की तैयारी, मतदान की प्रक्रिया तथा मशीनों की सीलिंग पर विशेष ध्यान दें। मतदान माकपोल के बाद ही शुरू होगा। इसका प्रमाण पत्र मतदान शुरू होने के तत्काल बाद सेक्टर आफीसर को निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत करना है। ग्राम स्तरीय कर्मचारियों से लेकर एसडीएम, तहसीलदार तथा निर्वाचन से जुडी अधिकारियों के मोबाईल नम्बर उपलब्ध दिए गए हैं। अपने सेक्टर के अधिकारियों से नियमित सम्पर्क में रहें। मास्टर ट्रेनर ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस के कार्य, कानून और व्यवस्था बनाए रखने, मतपत्र लेखा तैयार करने, पीठासीन की डायरी तथा 16 बिन्दुओं क प्रपत्र को भरने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मतदाता सूची, अमिट निशान लगाने, चैलेन्ज वोट, प्राक्सी वोट का प्रशिक्षण दिया गया। वोटिंग मशीन का सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी सेक्टर आफीसर उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी ए.बी.वी. आई. आई. आई. टी. एम. ग्वालियर में मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम के तहत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों की श्रृंखला को जारी रखते हुए, अटल बिहारी वाजपेयी ङ्क आई. आई. आई. टी. एम. ग्वालियर में 11 मार्च, 2024 को मेरा पहला वोट देश के लिए पर एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के संकाय एवं असंकाय सदस्यों और छात्र-छात्राओं ने मतदान करने और मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया। संस्थान के कुलसचिव श्री के के तिवारी जी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें उन्होने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना देश के प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक



अधिकार है, मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। कुलसचिव महोदय ने सभी से जागरूक रहकर मतदान करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों को चुनाव में मतदान करने के अपने अधिकार के प्रति जागरूक किया और बताया कि देश के विकास में अपना एक मतदान कितना सहायक सिद्ध होता है। सभी छात्रों और संकाय एवं असंकाय सदस्यों ने शपथ ली और मतदान कर अपने प्रतिनिधियों को चुनने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और छात्रों और समस्त कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। यह अभियान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान करने के प्रति गौरव का प्रतीक है। उपस्थित सदस्यों में प्रो. जयदीप धर, प्रो. पंकज श्रीवास्तव, श्री पंकज गुप्ता, श्री गोपाल सिंह जादौन, डॉ प्रज्ञा स्वामी, डॉ अमनदीप कौर, आदि शामिल रहे। शपथ ग्रहण में संस्थान के विभिन्न विभागों के शोधार्थियों / विद्यार्थियों / संकाय एवं असंकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह जानकारी संस्थान कि मीडिया प्रभारी श्रीमती दीपा सिंह सिसोदिया के द्वारा दी गयी।

# निशुल्क संकल्प कोचिंग में डिप्टी कलेक्टर ने प्रतिभागियों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । शासकीय एम जे एस स्नातकोत्तर कॉलेज में संचालित निशुल्क संकल्प कोचिंग में डिप्टी कलेक्टर अनुपम शर्मा जी जो एमपी पीएससी 2020 परीक्षा मे चयनित हुए है और वर्तमान मे शिवपुरी जिला मे पदस्थ है उन्होंने 12 मार्च को को प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया 7कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित माल्यार्पण के द्वारा हुआ । इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने अपनी जैसा शांत करने के लिए अनेक प्रकार के प्रश्न एसडीएम साहब से पूछे जैसे की वनडे एग्जाम की तैयारी कैसे करें इतिहास समाज शास्त्र एवं जनरल नॉलेज करंट अफेयर्स आदि की तैयारी किस प्रकार की जाये। डिप्टी कलेक्टर अनुपम शर्मा ने बहुत ही सरल भाषा मे समझाया की हम अच्छे माहोल एवं अच्छी संगत,बेहतर स्वास्थ्य और एक अच्छे मार्गदर्शन मे रहकर तैयारी करेंगे तो हमें सफलता जरूर मिलेगी उन्होंने विशेष तौर पर युवाओं को बताया हमें सोशल मीडिया का प्रयोग ना के बराबर करना है इसका प्रयोग करने से हम अपने कीमती समय को वर्वाद कर देते जिससे हम अपने लक्ष्य से भटक जाते है उन्होंने बताया की हमने ड़ब व्हाट्सप्प का उपयोग किया ड़ब हमें कॉल कर बताया गया की आप व्हाट्सप्प इंस्टॉल कर ले जिस पर आपके जोइनिंग लेटर को पोस्ट किया जा सके। इस अबसर पर संकल्प कोचिंग परिवार के शिक्षक दिनेश भदौरिया जी ने कहा की हमें इस सुनहरे अवसर को नहीं गवाना चाहिए नियमित रूप से कोचिंग आना चाहिए इसी कर्म मे आरोग्य भारती के जिला सह संयोजक गगन शर्मा ने बताया की हम सबको एक दृढ़ निश्चय करके अध्ययन करना चाहिए चुंकि आपकी कोचिंग का नाम भी संकल्प है तो फिर हम सभी को संकल्प लेकर आगे बड़ना चाहिए 7 इस अवसर पर विकलांग बल के प्रदेश सचिव प्रोफेसर सौरभ पाल ने कहा की हम सभी पूर्व में भिंड जिले में कलेक्टर रहे इलैया राजा टी का शुक्रगुजार करें उन्होंने हम सभी को ये शोगात दी जिसके माध्यम से अनेक आर्थिक स्थिति कमजोर परिवार और असहाय बच्चे निशुल्क अध्ययन कर रहे है कुछ साथियों का इस कोचिंग से चयन भी हो गया है ये भिण्ड जिले के लिए गौरव की बात है उन्होंने कहा की हम सब मिलकर और बेहतर कैसे निशुल्क कोचिंग को बनाया जाये हम भी योगदान देने के लिए तैयार है संकल्प कोचिंग परिवार जो सेवा लेना चाहे है पूर्ण रूप से सहयोग के लिए तैयार है 7 इसी कर्म मे नारीशक्ति के रूप में जूली मैडम ने विचार रखें उन्होंने बताया की पूर्व में हमने इस कोचिंग मे अध्ययन किया और आज परिणाम स्वरूप हम इसमें अपनी अध्यापन के रूप मे सेवा दे रही हूँ इस प्रकार संकल्प कोचिंग परिवार के सोनवीर सिंह भदौरिया एवं सतेन्द्र ओझा ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दीये कार्यक्रम के अंत मे सभी का आभार व्यक्त गोविन्द भदौरिया आरोग्य भारती जिला संयोजक ने किया एवं गोविन्द भदौरिया ने भिण्ड शहरवासियों से अपील की है की आप अपने बच्चों को निशुल्क कोचिंग मे जरूर अध्ययन के लिए प्रेरित करें क्योंकि इस कोचिंग निन्शुल्क होते हुए भी प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाज के गड़मान्य अध्यापकों द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है उन्होंने कहा अभी वर्तमान में कोचिंग को प्रोफेसर अभिषेक यादव एवं सत्यभान सिंह भदोरिया से संरक्षण मिल रहा है।

इस अवसर पर दिनेश भदौरिया शिक्षक,गगन शर्मा शिक्षक,गोविन्द सिंह भदोरिया शिक्षक,सौरभ बघेल शिक्षक जय दीप शर्मा,सोनवीर सिंह भदोरिया एवं जूली मैडम सहित आदा सैकड़ा पतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

# मुख्यमंत्री के नाम प्रदेश के पर्यवेक्षकों,परियोजना अधिकारियों, जिला कार्यक्रम अधिकारियों को तीन माह से वेतन न मिलने के सम्बंध में ज्ञापन सौपा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रदेश के पर्यवेक्षकों, परियोजना अधिकारियो, जिला कार्यकम अधिकारियों का माह दिसंबर 2023, जनवरी 2024 एवं फरवरी 2024 का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। जिससे सभी अधिकारी/कर्मचारियों को बेहद आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। महोदय, अनेक अधिकारी/कर्मचारियों की लोंगों की ईएमआई मासिक किस्त, दवाई खर्च, बच्चों की परीक्षा एवं ट्यूशन फीस, दैनिक कार्यों का खर्च बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिससे मानसिक तनाव के कारण शासकीय कार्य भी प्रवावित हो रहा है। इस संबंध में करीब एक माह पूर्व संचालनालय से संपर्क करने पर बताया गया था कि बजट हेड की मैंपिंग परिवर्तित होने से विलंब हो रहा है।दिनांक 27/02/2024 को राज्यमंत्री परिषद द्वारा दूसरे हेड से आहरण की अनुमति दे दी है। लेकिन आज तक भुगतान नहीं हो पाया है। वेतन एवं मानदेय प्राप्त न होने से प्रदेश के पूरे क्षेत्रीय अमले को गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है एवं विभाग की छवि पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।प्रदर्शन कारियो ने मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन पत्र सौपा।महिला बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अमले पर्यवेक्षकों,परियोजना अधिकारियो, जिला कार्यकम अधिकारियों का माह दिसंबर 2023, जनवरी 2024 एवं फरवरी 24 का वेतन भुगतान कराने की मांग की है।ज्ञापन देने में वीना मिश्रा,सरोज सोनी,रीता कुशवाह,गायत्री कुशवाह,राखी चौधरी,अरुणा परमार,रेनू चतुर्वेदी,अंजली भदौरिया,दीपा कुमारी,अरुणा मार्य,माती कुशवाहा,सीमा शाक्य,सीमा जादौन,ऋचा कुशवाहभावना नौरोजी सहित सैक?ों पर्यवेक्षक उपस्थित रही।

# पुलिस ने अपनी कार्यवाही करके शासन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाया, इसके लिए पुलिस बधाई की पात्र है। प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री, म. प्र. शासन

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों का व्यवसाईयों ने MPCCI के नेतृत्व में किया सम्मान







**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । ग्वालियर के सोना-चाँदी व्यवसाई, श्री राहुल गोयल के मुनीम के साथ 31 जनवरी को थाना-बागचीनी, जिला-मुरैना में हुई लूट की घटना के दोषी अपराधियों को मुरैना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर, माल की बरामदगी किए जाने के उपलक्ष्य में व्यवसाईयों द्वारा आज चेम्बर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में अग्रवाल सेवा सदन, मुरैना में मुरैना-पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित, प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में कहाकि मुरैना पुलिस ने उल्लेखनीय कार्यवाही करके राज्य शासन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाया है, इसके लिए पुलिस प्रशासन निश्चित ही बधाई की पात्र है । आपने कहाकि म. प्र. शासन की चिंता हमेशा व्यववसाईयों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की है । साथ ही, सरकार इसके लिए कटिबद्ध है कि जो भी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए थे, वह उठाए भी गए । सरकार अपराधियों के विरुद्ध की कार्यवाही करने से कभी नहीं चूकेगी । आपने कहाकि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं, व्यापारियों के काम आ पाता हूँ और व्यापारी मेरे ऊपर भरोसा करते हैं । आपने इस अवसर पर व्यापारियों को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि उन्होंने बंद जैसे निर्णय को मेरे आग्रह पर टाला । उसका फल भी अच्छा आया और मैं आप लोगों के विश्वास पर खरा उतर पाया । इस अवसर पर माननीय ऊर्जा मंत्री जी ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि मुरैना पुलिस टीम को 'चेम्बर भवन' में बुलाकर, पूरी टीम को सम्मानित करना चाहिए ।अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहाकि निश्चित रूप से हमने जो दि. 02 फरवरी से लूट की घटनाओं के विरुद्ध जो आंदोलन प्रारम्भ किया गया और इस पर लगातार बैठकों का आयोजन कर, हमारे द्वारा अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने का अल्टीमेटम दिया जा रहा था तथा विभिन्न बाजारों में धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था । यह सिर्फ इसलिए किया जा रहा था कि पुलिस प्रशासन हमें, अपनी प्राथमिकता में रखे और उस प्राथमिकता की वजह से हमें यह अच्छा परिणाम मिला है । इसके लिए आज हम यहाँ पर पूरी पुलिस टीम का सम्मान करते हैं । इसके साथ ही, चेम्बर ऑफ कॉमर्स की माँग कभी समाप्त नहीं होती है । चेम्बर का काम अनवरत चलता रहता है । अभी दो चैलेंज मुरैना पुलिस के सामने हैं । ग्वालियर के व्यवसाई के साथ जो साढ़े 13 लाख की चोरी हुई है । उस घटना को ट्रेस किया जाना है, वहीं एक ग्वालियर के व्यवसाई जो कि अपनी बेटी की शादी करने के लिए 06 मार्च को गए थे, श्री आकाश गोयल जी की बहिन की शादी थी । उसमें 170 ग्राम के सोने के जेबरात का बेग चोरी किया गया है, सीसी टीव्ही फुटेज भी हैं । पुलिस को इन दोनों चुनौतियों को और पूरा करना है । मुरैना पुलिस की पूरी टीम का सम्मान 'चेम्बर भवन' में बुलाकर करने की बात जो कि माननीय ऊर्जा मंत्री जी द्वारा अपने उद्बोधन में कही गई थी, उस पर आपने कहाकि शीघ्र ही पुलिस की पूरी टीम को चेम्बर ऑफ कॉमर्स में बुलाकर, अवश्य ही सम्मानित किया जाएगा । आपने कहाकि पुलिस और चेम्बर के बीच में सदैव सेतु का कार्य करेंगे और यही चेम्बर ऑफ कॉमर्स का मुख्य उद्देश्य है ।इस अवसर पर मुरार सर्राफ एवं स्वर्णकार समिति के अध्यक्ष-श्री संजय मंगल ने पूरे चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं मुरैना पुलिस प्रशासन की पूरी टीम के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया । आपने कहाकि हमारे मुरार के व्यवसाई-श्री राहुल गोयल के साथ जो घटना हुई थी और उसमें उनके जीवन भर की पूरी कमाई दांव पर लग गई थी, वह पूरी वापिस मिली है ।

# ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज 50 कालोनियों में विद्युतीकरण कार्य का शुभारंभ करेंगे

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**




ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर बुधवार को ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र की 50 से अधिक कालोनियों में 4.19 करोड़ की लागत से विद्युतीकरण कार्य का शुभारंभ करेंगे।मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिड के तानसेन नगर ज़ोन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 13 मार्च बुधवार की दोपहर 2 से 4.30 बजे तकड़ तानसेन नगर जोन विद्युत कार्यालय तानसेन नगर ग्ड़वालियर में सम्पन्न होगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर इस अवसर पर मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी तानसेन नगर ज़ोन के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण भी करेंगे। तत्पश्चात ऊर्जा मंत्री ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र की बजरंग कॉलोनी, गुप्ड़तेश्ड़वर कॉलोनी, पवनसुत कॉलोनी तथा बरा गॉव का भ्रमण कर विद्युतीकरण कार्य का अवलोकन करेंगे।विकास की अनवरत यात्रा में लगभग 4.19 करोड़ की लागत से ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र की 50 कॉलोनियों में विद्युत अधोसंरचना विकास एवं विद्युतीकरण कार्यो का लोकार्पण होने जा रहा है7आइए, हम सब इन क्षणों के साक्षी बने।


**मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक**
**Madhya Pradesh Gramin Bank**
(A Joint Venture of Govt of India, Bank of India & MP Govt)
mp gb आपका अपना बैंक

क्षेत्रीय कार्यालय :
सी–13, ग्लोबल प्लाजा,
कैलाश विहार.
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)

## टेंडर द्वारा वाहन नीलामी की सूचना

ऋण न चुकाने पर जब्त किये गये निम्न वाहन को **"जहॉ है, जैसा है"**, के आधार पर विक्रय किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक व्यक्ति जप्ती किये गये वाहन खरीदने हेतु अपना आवेदन सम्बंधित शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक 28.03.2024** — **निविदा खोलने का दिनांक 03.04.2024**

| शाखा का नाम | ऋणी/वाहन मालिक का नाम व पता | वाहन (चल संपत्ति) का विवरण | आरक्षित राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| दतिया मुख्य जिला दतिया | श्री राकेश पाल पुत्र सीताराम पाल पता–ग्राम–झडिया तहसील व जिला–दतिया | SCORPIO EX2.5 M2DI MH2WD BS3 मॉडल–2014 पंजीयन क्रमांक–MP32C1185 इंजिन नं. – GMD4M87403 चेसिस नं. – E5A91027 | 2,80,000.00 | 28,000.00 |
| शंकरपुर जिला ग्वालियर | श्री अरविन्द प्रजापति पुत्र गोपाल प्रजापति ग्राम–पिन्टो पार्क, ग्वालियर (म.प्र) | ATUL RIK 3P 200 BIFUEL CNG BS6 मॉडल–2022 पंजीयन क्रमांक–MP07RB1144 इंजिन नं. – CMS22K11350 चेसिस नं. – MCG68A3CMK2200870 | 62,000.00 | 6,200.00 |
| शंकरपुर जिला ग्वालियर | श्री रामकेश बघेल पुत्र काशीराम बघेल ग्राम– गणेश कालोनी,स्टोन पार्क के पास मोतीझील,ग्वालियर (म.प्र) | ATUL RIK 3P 200 BIFUEL CNG Bs6 मॉडल–2021 पंजीयन क्रमांक –MP07RA7923 इंजिन नं. – CFS21H02962 चेसिस नं. –MCG54R3CFH2100862 | 45,000.00 | 4,500.00 |

(1) उक्त वाहनो के विक्रय हेतु बंद लिफाफे में निविदा/कोटेशन आमंत्रित है। इच्छुक वाहन क्रेता द्वारा दिनांक 28.03.2024 तक शाम 05:00 बजे तक निविदा सम्बंधित शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय में जमा की जा सकती है। (2) निविदा के साथ आरक्षित मूल्य का 10% बयाना राशि का ड्राफ्ट या पे–आर्डर जो क्षेत्रीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के नाम से देय हो,संलग्न करना अनिवार्य है। (3) शेष 90% राशि निविदा स्वीकृति की सूचना के पश्चात् अगले दिन शाम 4 बजे तक जमा कराना अनिवार्य होगा,अन्यथा निविदा निरस्त मानी जायेगी एवं निविदा के साथ जमा 10% बयाना राशि जप्त/राजसात करली जायेगी। (4) निविदा जमाकर्ता कों टेंडर खोलते समय उपस्थित रहना होगा एवं अपना पहचान पत्र साथ लाना होगा। निविदा खोलेने के पश्चात प्राधिकृत अधिकारी को समस्त निविदा जमाकर्ताओं में से अधिकतम राशि के निविदाकर्ता को वाहन विक्रय करने का अधिकार रहेगा। (5) निविदा की तिथि तथा समय बिना कोइ कारण बताये स्थगित अथवा निरस्त किये जा सकते है। (6)उक्त वाहन जहॉ है जैसे है के आधार पर वहीं तथा उसी हाल में विक्रय किया जायेगा। वाहन के प्रकाशित विवरण में किसी भी प्रकार की त्रुटि निविदा स्वीकार होने पर विक्रय पर प्रभावी नहीं होगी। (7) निविदा को बिना किसी कारण बताये अस्वीकार किया जा सकता है। (8) उक्त शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार बैंक को है। (9)निविदा की जानकारी एवं सम्पूर्ण शर्तो की जानकारी हेतु कृपया किसी भी कार्य दिवस मे सम्बंधित शाखा पर सम्पर्क करे। (10) विक्रय हेतु प्रस्तावित वाहन का निरिक्षण कार्यालयीन समय में मध्यप्रदेश ग्रमीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर सम्पर्क कर किया जा सकता है। (11) वाहन पर किसी भी प्रकार के देय/बकाया कर एवं अन्य देयताओं को वाहन क्रेता को अलग से चुकाना होगा।

दिनांक : 12.03.2024
स्थान : ग्वालियर

**प्राधिकृत अधिकारी**
मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर


## मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान से अब देश में होगी सीहोर की पहचान- केंद्रीय मंत्री - केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार

**रघुवर दयाल गोहिया**

सीहोर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के निर्माण से अब सीहोर की पहचान प्रदेश के साथ पूरे देश में होगी। देश भर से दिव्यांगजन सीहोर के इस संस्थान से लाभान्वित होंगे। यह बात केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के नवनिर्मित भवन के उदघाटन अवसर पर कही।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के साथ निरंतर प्रयास कर इस दिशा में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए काम किया जा रहा है।रहे हैं और दिव्यांगजनो प्रेम और स्नेह की आवश्यकता है

## आम सूचना

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला ग्वालियर

क्र./पुअ /ग्वा/याता /74/2024 — दिनांक 04/03/2024

थाना यातायात ग्वालियर के निष्प्रयोजन घोषित कण्डम सामग्री स्टॉपर / पब्लिक बैरियर की नीलामी जहाँ है जिस हालत में है के आधार पर दिनांक 15/03/2024 को प्रातः 11:00 बजे खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते निर्धारित तिथि से पूर्व थाना यातायात ग्वालियर से टेण्डर फार्म के साथ प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला ग्वालियर

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478